राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 126 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



सीएम योगी का निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान अभिनंदन करते हुए कार्यकर्ता।

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों के समर्थन में पहुंचे किसान, किया हंगामा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कुश्ती** महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों को किसानों का समर्थन मिला है। किसान बड़ी संख्या में जंतर-मंतर पहुंचे हैं। इस दौरान किसानों ने वहां पर लगे बैरिकेड्स को भी गिरा दिया और खिलाड़ियों के बीच पहुंच गए। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) से जुड़े एक पदाधिकारी ने कहा कि पहलवानों के समर्थन में किसान संगठन से जुड़े लोग आज जंतर-मंतर आए पहुंचे हैं। किसान संगठन देश के खिलाड़ियों के साथ हैं। किसान संगठन भी चाहते हैं कि बृजभूषण शरण सिंह को सभी पदों से हटाया जाए और उनकी फौरन गिरफ्तारी हो। इसी बीच जंतर-मंतर पर किसानों ने आक्रोश का प्रदर्शन भी किया। बीकेयू सिद्धूपुर संगठन के किसानों ने बैरिकेड तोड़कर बड़ी संख्या में प्रदर्शन किया। इस दौरान रैपिड एक्शन फोर्स भी मौके पर मौजूद रही



**प्रदर्शन**

● **किसान संगठन देश के खिलाड़ियों के साथ हैं। किसान संगठन भी चाहते हैं कि बृजभूषण को सभी पदों से हटाया जाए**

। हालांकि प्रशासन ने किसी प्रकार के बल का प्रयोग नहीं किया। बीकेयू सिद्धूपुर संगठन के लोगों ने मोदी, योगी और शाह के खिलाफ नारेबाजी भी की। उल्लेखनीय है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ महिला पहलवानों ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। ऐसे में सिंह को सभी पदों से हटाने के लिए खिलाड़ी बीते कुछ दिनों से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इन खिलाड़ियों के समर्थन में अब किसान संगठन भी एकत्र हो रहे हैं। एसकेएम से जुड़े लोगों का कहना है कि अगर खिलाड़ियों की बात नहीं मानी गई तो किसान संगठन देशव्यापी आंदोलन करेंगे।

## सिसोदिया को कोर्ट से झटका



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति केस से जुड़े ईडी मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 23 मई तक बढ़ा दी है। ईडी केस में न्यायिक हिरासत खत्म होने पर आज सोमवार को सिसोदिया को कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से उनकी न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा, "हम पटपड़गंज में काम करते रहेंगे, भाजपा वाले कितनी भी कोशिश कर लें कोई नहीं काम रुकेगा।" बता दें कि सिसोदिया पटपड़गंज विधानसभा सीट से विधायक हैं। वो दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी हैं। उल्लेखनीय है कि मनीष सिसोदिया को 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया और ईडी के साथ ही सीबीआई के मामले में मनीष सिसोदिया फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

## मणिपुर में शांति, निगरानी कर रही हैं सेना



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**हिंसा** प्रभावित मणिपुर में सेना और असम राइफल्स के जवान मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) और हेलीकॉप्टर से हवाई निगरानी कर रहे हैं। सेना और असम राइफल्स ने हालात को सामान्य बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। जवान मानवीयता और लोगों की सुरक्षा के लिए फ्लैग मार्च कर रहे हैं। सेना ने सोमवार को बताया है कि सेना और असम राइफल्स के एक सौ से अधिक कॉलम पिछले 96 घंटों से अधिक समय से अथक रूप से काम कर रहे हैं। सेना ने मणिपुर में संपत्ति और लोगों की निगरानी के लिए विमान निरीक्षण तेज कर दिया है। इस कार्य में विशेष रूप से मानव रहित हवाई वाहनों और हेलीकाप्टरों को न केवल भीतरी इलाकों में बल्कि, भारत–म्यांमार सीमा पर भी निगरानी के लिए कार्रवाई में लगाया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट से यू-ट्यूबर मनीष कश्यप को राहत नहीं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने यू–ट्यूबर मनीष कश्यप के खिलाफ बिहार और तमिलनाडु में दर्ज एफआईआर को एक साथ जोड़ने या जमानत देने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने तमिलनाडु सरकार की ओर से लगाये गये राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) को हटाने पर कोई आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने कहा कि किसी भी राहत के लिए हाई कोर्ट का रुख करें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि आप कुछ भी दिखाकर तमिलनाडु जैसे एक स्थिर राज्य में अस्थिरता पैदा नहीं कर सकते हैं। आप राहत के लिए पटना हाई कोर्ट और मद्रास हाई कोर्ट जाने के लिए स्वतंत्र हैं। सुनवाई के दौरान मनीष कश्यप की ओर से वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि एनएसए लगाकर जेल में डाला गया है।

## डीएम हत्या: बिहार सरकार व आनंद मोहन को 'सुप्रीम' नोटिस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने बिहार के गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी कृष्णैया की हत्या के दोषी आनंद मोहन की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए बिहार सरकार और आनंद मोहन को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने बिहार सरकार से रिहाई से जुड़ा रिकार्ड दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता जी कृष्णैया की पत्नी उमा कृष्णैया की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा और तान्या श्री ने आनंद मोहन की रिहाई को रद्द करके उसे फिर से जेल भेजे जाने की मांग की। आनंद मोहन की रिहाई के लिए उसके जेल में व्यवहार को तो ध्यान में रखा गया, लेकिन दोषी के पूर्व इतिहास को नजरअंदाज किया गया।

# धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं: शाह

**असंवैधानिक**

● **मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण असंवैधानिक था। इसलिए बीजेपी सरकार ने इसे हटा दिया था**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/बंगलुरू**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव से पहले कहा कि हमारे संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण असंवैधानिक था। इसलिए कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे हटा दिया था।

**'मुसलमानों का आरक्षण बढ़ाने के लिए किसका आरक्षण काटेगी कांग्रेस':** अमित शाह ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार समाप्त होने से पहले कहा, "हमारे संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। आरक्षण के भीतर आरक्षण बहुत सोच-समझकर किया गया है।" उन्होंने कहा कि सिद्दरमैया को स्पष्ट करना चाहिए कि यदि कांग्रेस मुसलमानों के लिए आरक्षण चार प्रतिशत से छह प्रतिशत बढ़ाती है तो फिर वे किसका आरक्षण काटेंगे।



### ईसी में भाजपा ने की सोनिया की शिकायत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर टुकड़े–टुकड़े गैंग के एजेंडे को बढ़ाने का आरोप लगाया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भारत की संप्रभुता और अखंडता को लेकर विवादित बयान दिया है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस के पास कर्नाटक के विकास का विजन नहीं है। यादव ने कहा कि भाजपा के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज चुनाव आयोग से मुलाकात कर सोनिया गांधी द्वारा दिए गए बयान से अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग इस राष्ट्र विरोधी कृत्य के खिलाफ कार्रवाई करेगा। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव से साथ भाजपा के मीडिया इंचार्ज अनिल बलूनी और पार्टी नेता तरुण चुग चुनाव आयोग पहुंचकर सोनिया गांधी की शिकायत की है।

**"कर्नाटक में बनने जा रही भाजपा की डबल इंजन की सरकार":** शाह ने कहा, मैंने कर्नाटक के सभी क्षेत्रों का दौरा किया है। हम राज्य में फिर से डबल इंजन सरकार बनाने जा रहे हैं। लोगों में भाजपा की सरकार बनाने को लेकर हो रही उत्सुकता को देखा जा सकता है। यह पार्टी के लिए वोट में परिवर्तित हो जाएगा। बता दें, 10 मई को होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को प्रचार का आखिरी दिन है। मतगणना 13 मई को होगी।

**राहुल ने बस में सवारी की, प्रियंका ने रोड शो किया**
कर्नाटक में 10 मई को चुनाव होना है। प्रचार का आखिरी दिन था। प्रियंका गांधी ने विजयनगर में रोड शो निकाला। इसी के साथ प्रियंका ने चुनाव प्रचार अभियान का समापन किया। वहीं राहुल गांधी ने वर्किंग महिलाओं के साथ बस में सवारी की और बस स्टॉप पर कॉलेज स्टूडेंट के साथ बातचीत की और सेल्फी खिंचवाई। इस कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 65 से ज्यादा रैलियां और 20 के करीब रोड शो किए हैं। इसमें एक रैली सोनिया गांधी की भी थी। जो सालों बाद चुनाव प्रचार करने आईं थीं। प्रियंका गांधी ने रविवार को कर्नाटक में 4 रैलियां और रोड शो किया था। उन्होंने शिवाजी नगर की रैली में कहा- मैंने आज सुबह देखा कि पहली बार चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने महंगाई, विकास और जनता के सामने आने वाले मुद्दों पर बात की। लेकिन शाम होते ही पीएम महंगाई, विकास और रोजगार की बात छोड़ कर किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश की बात करने लगे।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ के सेक्टर–18 में तैयार इंडियन एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर का उद्घाटन किया।

## भारत-कनाडा: एफटीए पर अब तक हुई बातचीत की समीक्षा करेंगे गोयल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारत** और कनाडा के व्यापार मंत्री प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही वार्ता की समीक्षा करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एफटीए पर प्रस्तावित बातचीत लिए कनाडा के दौरे पर हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल अपने कनाडाई समकक्ष मैरी एनजी के साथ प्रस्तावित एफटीए की समीक्षा करने के साथ ही इस दौरान दोनों नेता आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने पर भी चर्चा करेंगे। बयान के मुताबिक पीयूष गोयल के साथ मैरी एनजी ओटावा में छठी भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय वार्ता (एमडीटीआई) के लिए चर्चा की सह-अध्यक्षता करेंगी।

## स्वर्ण मंदिर के पास 2 दिन में दूसरा धमाका, जांच जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब के** अमृतसर में गोल्डन टेंपल से 800 मीटर दूर हैरिटेज स्ट्रीट पर सोमवार सुबह 6.30 बजे धमाका हुआ। इस इलाके में 32 घंटे में यह दूसरा ब्लास्ट है। हालांकि, इसमें किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। शनिवार रात को भी यहां धमाका हुआ, इसमें 6 लोग जख्मी हुए थे। पुलिस का कहना है कि बम को कोल्ड ड्रिंक के टिन में डालकर लटकाया गया था। फोरेंसिक टीमें जांच में जुटी हैं। शुरूआती जांच में कोई भी डेटोनेटर बरामद नहीं हुआ। यह दोनों ही कम डेंसिटी वाले बम थे। ये क्रूड बम हैं। उधर, डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने कहा कि अभी इन धमाकों



के मकसद के बारे में कहना जल्दबाजी होगी। आतंकवाद, शरारत और पर्सनल एंगल, तीनों को ध्यान में रख कर पुलिस जांच में जुटी हुई है। जो ब्लास्ट हुआ, वह शनिवार को हुए धमाके वाली जगह से 10 मीटर की दूरी पर था। बीआर अंबेडकर की प्रतिमा से महाराजा रणजीत सिंह की मूर्ति वाले चौक तक एक तरफ का रास्ता बंद कर दिया गया है।

## मेरी तारीफ गहलोत का बड़ा षड्यंत्र: वसुंधरा



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
**सियासी** संकट के वक्त सरकार गिराने में सहयोग नहीं देने पर सीएम अशोक गहलोत के पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की तारीफ करने पर विवाद हो गया है। राजे ने गहलोत पर निशाना साधते हुए उनकी तारीफ को षड्यंत्र बताया है। राजे ने रविवार देर रात लिखित बयान जारी कर कहा, 'मुख्यमंत्री अशोक गहलोत 2023 में होने वाली हार से भयभीत होकर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है, जिनकी ईमानदारी और सत्य निष्ठा सब जानते हैं।' राजे ने कहा, 'जीवन में मेरा जितना अपमान गहलोत ने किया कोई कर ही नहीं सकता। वे 2023 के चुनाव में होने वाली ऐतिहासिक हार से बचने के लिए ऐसी मनगढ़ंत कहानियां गढ़ रहे हैं।

## हनुमानगढ़ में वायुसेना का मिग-21 क्रैश

### घर पर गिरा फाइटर जेट, 3 महिलाओं की मौत; पायलट पैराशूट से कूदकर बचा

**टीम एक्शन इंडिया/हनुमानगढ़**
**हनुमानगढ़ में** सोमवार सुबह मिग-21 फाइटर जेट क्रैश हो गया। फाइटर जेट बहलोल नगर इलाके में एक घर पर गिरा। इस घर में रहने वाली 3 महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पायलट सुरक्षित है। हादसे के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए हैं। मृतकों के नाम बशोकौर (45), बंतो (60) और लीला देवी (55) हैं। पायलट राहुल अरोड़ा (25) ने पैराशूट से कूदकर अपनी जान बचाई। उन्हें सूरतगढ़ भेजा गया है।

**सूतरगढ़ एयरपोर्ट से 25 किमी दूर**



**मिला फाइटर जेट का पायलट:** एयरफोर्स ने कहा, "मिग-21 ट्रेनिंग उड़ान पर था। उड़ान के दौरान पायलट को इमरजेंसी सिचुएशन का पता चला, उसने एयरक्राफ्ट को संभालने की कोशिश की। जब वह ऐसा नहीं कर पाया, तो उसने विमान से इजेक्ट करने का फैसला किया। सूरतगढ़ एयरबेस से करीब 25 किलोमीटर दूर पायलट मिला। उसे मामूली चोटें आई हैं। हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।"

**जिस घर पर क्रैश, उसके बगल के मकान की छत भी गिरी:** हादसे में सरोज (18, विमला (19) और वीरपाल कौर (32) घायल हुई हैं। मिग-21 क्रैश के बाद हुए धमाके से पड़ोस के एक दूसरे मकान की छत गिर गई। इस मकान में रहने वाली महिला को भी चोटें आई हैं। ग्रामीण प्रहलाद ने बताया कि विमान के घर पर गिरने के बाद जोरदार धमाका हुआ।

**दर्दनाक हादसा**

● **सूरतगढ़ एयरबेस से करीब 25 किलोमीटर दूर पायलट मिला। उसे मामूली चोटें आई हैं। हादसे की जांच शुरू कर दी गई**

## एक दिवसीय बंगाल के दौरे पर जाएंगे शाह

**नई दिल्ली:** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को पश्चिम बंगाल के एक दिवसीय दौरे पर जाएंगे। गृह मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि शाह सुबह 10:30 बजे कोलकाता के ठाकुरबारी जोरासांको पहुंचकर गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दोपहर 12 बजे वह उत्तर 24 परगना जिले में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और बीएसएफ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। शाह साइंस सिटी कोलकाता में शाम 04:30 बजे फुल डोम फिल्म 'ल्यूमिनरीज ऑफ बंगाल' का विमोचन और विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

**आरोप** बलकौर सिंह और चर⃞ा कौर का जालंधर में डेढ़ बजे प्रोग्राम था लेकिन वह कई घंटों से न तो फोन उठा रहे हैं

# मूसेवाला के माता-पिता हाउस-अरेस्ट: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/जालंधर**
**पंजाब में** कांग्रेस पार्टी ने मशहूर पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने की बात कही है। जालंधर कांग्रेस के नेता राजिंदर बेरी ने कहा कि बलकौर सिंह और चरण कौर का जालंधर में डेढ़ बजे प्रोग्राम था लेकिन वह कई घंटों से न तो फोन उठा रहे हैं और न ही उनका कोई रिप्लाई आ रहा है। बेरी के अनुसार, उन्हें सूचना मिली है कि पुलिस अफसर जालंधर आ रहे बलकौर सिंह और चरण कौर को बीच रास्ते में ही रोक कर किसी अज्ञात स्थान पर ले गए। दोनों को



संभवतः उनके गांव मूसेवाला में ही हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें जालंधर लोकसभा उपचुनाव में प्रचार के आखिरी दिन लोगों से मिलने से रोकने के लिए यह किया गया। इस बीच पंजाब या जालंधर पुलिस का कोई अफसर कांग्रेस नेता राजिंदर बेरी के आरोपों पर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। गैंगस्टर लॉरेंस के गुर्गों ने मई 2022 में सिद्धू मूसेवाला की हत्या कर दी थी। बलकौर सिंह और चरण कौर अपने बेटे के हत्यारों को पकड़ने के लिए कई दिनों से जालंधर लोकसभा हलके के अलग-अलग एरिया में इंसाफ यात्रा निकाल रहे हैं। मूसेवाला की हत्या को इसी महीने 29 मई को एक साल पूरा हो रहा है। अपनी इंसाफ यात्रा के दौरान मूसेवाला के माता-पिता जालंधर लोकसभा क्षेत्र में जहां जा रहे हैं, वहां मूसेवाला के फैंस जमा हो जाते हैं। दो दिन पहले जालंधर शहर में दोनों से मिलने के लिए रामामंडी फ्लाईओवर के नीचे खासी भीड़ जुट गई।

## 'पीएम मोदी ने हल्दी किसानों का किया अपमान

**बेंगलुरु:** रविवार को प्रधानमंत्री मोदी ने एक जनसभा के दौरान आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हल्दी किसानों का अपमान किया। प्रधानमंत्री के इस बयान पर राजनीति शुरू हो गई है। दरअसल तेलंगाना के मंत्री केटीआर ने इस मुद्दे पर भाजपा को ही निशाने पर लिया है। दरअसल प्रधानमंत्री ने जनसभा के दौरान कहा कि 'जब कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने कहा था कि हल्दी से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तो कांग्रेस ने इसका मजाक उड़ाया था।' इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि 'कांग्रेस ने सिर्फ मेरा नहीं बल्कि हल्दी की खेती करने वाले किसानों का मजाक उड़ाया था।'

## केरल में टूरिस्ट बोट पलटी, 22 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मलप्पुरम**
**केरल के** मलप्पुरम जिले में रविवार को एक टूरिस्ट बोट पलटने से 22 लोगों की मौत हो गई। बोट में 30 से ज्यादा लोग सवार थे। मलप्पुरम के कलेक्टर वीआर प्रेमकुमार ने बताया कि मरने वालों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। बोट में सवार 5 लोग तैरकर किनारे आ गए थे। 10 लोगों को गंभीर हालत में कोट्टाकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। केरल के मुख्यमंत्री पिन्नराई विजयन ने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही घटना की जांच का आदेश दिया है। हादसा किस वजह से हुआ इस बारे में अब तक



कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। हालांकि, स्थानीय लोगों के मुताबिक बोट में क्षमता से ज्यादा लोग बिठाए गए थे और उतने लाइफ-जैकेट नहीं थे।

**बोट को किनारे पर लगाया गया, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी:** हादसा रविवार शाम लगभग 7 बजे मलप्पुरम जिले के तनूर इलाके में तुवलतिरम बीच के पास हुआ। बोट को किनारे पर लाया जा चुका है। क्षेत्रीय फायर रेंज ऑफिसर शिजु केके ने बताया कि बोट पर सवार लोगों की सही संख्या की जानकारी नहीं मिल सकी है। ऐसे में और भी लोगों के फंसे होने की आशंका को देखते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# शहरी निकायों में पिछड़ा वर्ग (ए) को मिलेगा आरक्षण

## राज्य मंत्रिमंडल ने हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा दी गई रिपोर्ट को किया स्वीकार

**प्रत्येक नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका में पार्षद का पद नागरिकों के ब्लॉक-ए के पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित होगा**



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में शहरी स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग (ए) के राजनीतिक आरक्षण अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए गठित हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को स्वीकृति प्रदान की गई ।
पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) न्यायमूर्ति दर्शन सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग ने पिछड़े वर्गों के नागरिकों के राजनीतिक पिछड़ेपन का आकलन करने के लिए गहन जांच की। आयोग ने पाया कि पिछड़ा वर्ग ब्लॉक-ए (बीसी-ए) के लोगों को राजनीतिक सेटअप में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होने के कारण उन्हें शहरी स्थानीय निकायों में राजनीतिक आरक्षण प्रदान करने की आवश्यकता है।
**निकायों में अनुशंसित आरक्षण:**
प्रत्येक नगर निगम, नगर परिषद और नगर पालिका में पार्षद का पद नागरिकों के ब्लॉक-ए के पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षित होगा और इस प्रकार आरक्षित सीटों की संख्या उस क्षेत्र में सीटों की कुल संख्या के समान अनुपात में हो सकती है। शहरी स्थानीय क्षेत्र, उस शहरी स्थानीय क्षेत्र में कुल आबादी के नागरिकों के पिछड़े वर्ग ब्लॉक-ए की आबादी के आधे प्रतिशत के रूप में। यदि दशमलव मान 0.5 या अधिक है तो इसे अगले उच्च पूर्णांक तक पूर्णांकित किया जाएगा। बशर्ते कि यदि पिछड़े वर्ग (ए) की आबादी सभा क्षेत्र की कुल आबादी का दो प्रतिशत या अधिक है तो प्रत्येक निकाय में पिछड़े वर्ग (ए) से संबंधित कम से कम एक पार्षद होगा। नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं में महापौरों / अध्यक्षों के पदों की संख्या का आठ प्रतिशत नागरिकों के पिछड़े वर्ग ब्लॉक-ए के लिए आरक्षित होगा। दशमलव मान 0.5 या अधिक होने की स्थिति में इसे अगले उच्च पूर्णांक तक पूर्णांक बनाया जाएगा।
आयोग ने कहा है कि शीर्ष न्यायालय के निदेर्शानुसार आरक्षण किसी भी नगर निकायों में अनुसूचित जाति और बीसी (ए) के पक्ष में आरक्षित कुल सीटों के कुल 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। आगे स्पष्ट किया गया है कि पिछड़े वर्ग (ए)के लिए इस प्रकार आरक्षित सीटों की संख्या को अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों की संख्या के साथ जोड़ने पर यदि उनकी कुल संख्या नगर निकायों की कुल सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक हो जाती है तो पिछड़े वर्ग (ए) के लिए आरक्षित सीटों की संख्या को वहीं तक रखा जाएगा जिससे कि अनुसूचित जाति और बीसी (ए) का आरक्षण नगर पालिका, नगर परिषद व नगर निगम के सदस्य की कुल सीटों के 50 प्रतिशत से अधिक न हो।
**उपरोक्त सिफारिशों की व्याख्या पर स्पष्टीकरण:** उदाहरण के लिए शहरी स्थानीय क्षेत्र में, "ए" नागरिकों के ब्लॉक ए के पिछड़े वर्ग की आबादी उस शहरी स्थानीय क्षेत्र की कुल आबादी का 25 प्रतिशत है, तो 12.5 प्रतिशत सीटें पिछड़े वर्ग के ब्लॉक-ए नागरिकों के लिए आरक्षित होंगी।
वहां के नागरिकों के पिछड़े वर्ग ब्लॉक-ए को उनकी आबादी के प्रतिशत के बावजूद कोई आरक्षण नहीं मिलेगा। जहां अनुसूचित जाति की जनसंख्या शहरी स्थानीय निकाय की जनसंख्या का 40 प्रतिशत है तथा शहरी स्थानीय क्षेत्र में 10 सीटें हैं तो अनुसूचित जाति के लिए 4 सीटें आरक्षित होंगी, शेष एक सीट पिछड़ा वर्ग ब्लॉक के लिए उपलब्ध होगी।

# लोगों ने पैसे इकट्ठा कर ठीक करवाई सीवरेज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के जगाधरी गेट के नजदीक काजीवाड़ा मोहल्ले के लोग पिछले 2 साल से अपनी गली में बने नाले के सीवरेज ढक्कन को लेकर परेशान चल रहे थे। मोहल्ले वासियों हरजीत सिंह बब्बल, कुलदीप सिंह गुल्लू ,मनोज, गोल्डी, प्रिंस, हरीश, नीलम, बबली, मीनू, आशा रानी आदि ने बताया कि पिछले 2 साल से इस नाले का ढक्कन टूटा हुआ था जिसकी शिकायत अपने पार्षद सुरेंद्र ढींगरा से कई बार की लेकिन उनकी कोई भी सुनवाई नहीं हुई। लोगों का यह भी कहना था कि नगर निगम में भी शिकायत दी और विधायक असीम गोयल को भी इस बारे में मिले लेकिन अब तक कोई रास्ता नहीं निकला और पिछले 2 सालों में इस गड्ढे में कई बार हमारी गली के छोटे-छोटे बच्चे गिर चुके हैं और उन्हें काफी चोटें भी आई हैं और इस खुले नाले के चलते बीमारियां फैलने का भी खतरा भी बना हुआ है। लोगों का यह भी कहना था कि मौजूदा सरकार के पार्षद के होते हुए भी अगर पार्षद काम नहीं करवा सकता या सुनवाई नहीं होती तो आम जनता कि कौन सुनेगा। पिछले 2 साल से बार-बार गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके चलते आज गली वालों ने पैसे इकट्ठे कर इस नाले के ढक्कन को ठीक करने करवाने का फैसला लिया है ताकि इस खुले ढक्कन के चलते कोई बड़ा हादसा ना हो।

# पंवार ने जीवन विहार एक्सटेंशन में पहुंचकर कालोनिवासियों की सुनी समस्याएं

**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने मुरथल रोड स्थित शुभम गार्डन के पीछे जीवन विहार एक्सटेंशन-1 में पहुंचकर कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी। कालोनिवासियों ने बताया कि उनकी गली में अभी तक पेयजल व सीवरेज लाइन नहीं बिछाई गई है। इसके साथ ही गली भी अभी तक कच्ची पड़ी है। कालोनिवासियों ने कालोनी में पेयजल, सीवरेज व गलियों को पक्का करवाने की मांग की। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही नगर निगम से अधिकारियों को बुलाकर सबसे पहले पेयजल व सीवरेज लाइन बिछाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत गलियों को पक्का करवाने के निर्देश दिए। विधायक सुरेंद्र पंवार को कालोनिवासियों ने बताया कि उनकी कालोनी को बसे काफी वर्ष हो चुके है, लेकिन अभी तक कालोनी में न तो सीवरेज लाइन है न ही पेयजल लाइन है। कच्ची गलियां होने की वजह से हल्की सी बारिश आते ही घर से बाहर निकलना दुभर हो जाता है। पेयजल लाइन न होने की वजह से दूसरी कालोनी से पेयजल लाने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि कई



बार अधिकारियों को अवगत करवा चुके है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही नगर निगम से अधिकारियों को बुलाया और कालोनी में सबसे पहले पेयजल व सीवरेज लाइन बिछाने के निर्देश दिए। जेई ने बताया कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि एक माह की अवधि में समस्यां का निदान कर दें। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहर की प्रत्येक कालोनी में विकास कार्य करवाए जा रहे है।
इसी तरह जीवन विहार एक्सटेंशन में भी विकास कार्य करवाए जाएंगे। इस दौरान वार्ड-5 से दलेल सिंह, हरेंद्र राठी, राजेश दहिया, संदीप कौशिक, संदीप सहरावत, विवेक, राजपाल, सतपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# के पी ऐ के महाविद्यालय में मातृ दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी, भांगड़ा, शास्त्रीय नृत्य, लिट्ल चेम्प भांगड़ा, सेव गर्ल चाइल्ड ,मेरी माँ आदि प्रस्तुतिया दी गई**





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** के पी ऐ के महाविद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी की अध्यक्षता में मातृ दिवस मनाया गया इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राधिका चीमा जो . दीघार्युवेदांऔर रूप मंत्रा की ब्राड एम्बेसेडर हैं, उपस्थित रही । कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। छात्र-छात्राओं ने हरियाणवी, भांगड़ा , शास्त्रीय नृत्य , लिट्ल चेम्प भांगड़ा, सेव गर्ल चाइल्ड ,मेरी माँ आदि प्रस्तुतिया दी गई इस अवसर पर कक्षा पहली से बारहवीं के छात्र - छात्राओं ने स्लोगन, कार्ड मेकिंग, ज्वेलरी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन किया । विद्यालय की प्रधानाचार्या जी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है मां जोकि बच्चों की पहली गुरु होती है । जन्म से लेकर बड़े होने तक सदा उनके साथ रहती है। मां के कर्ज को कभी भी चुकाया नहीं जा सकता । कहते हैं कि मां भगवान से भी बड़ी है मां का अनादर करके कोई भी उन्नति नहीं कर सकता। मां ही पहली शिक्षिका भी होती है जो बच्चों को बोलना, लिखना ,पढ़ना व सिखाती है । मुख्य अतिथि ने कहां कि मां हमारी जननी हमारा आधार है उसके बिना तो हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते और उन्होने कहा कि मां अपने बच्चो की हजारों गल्तियां भी माफ कर देती है।

# हिसार में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
हरियाणा के हिसार में नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। कर्मचारियों ने लंबित मांगों को शाम की शिफ्ट के काम का बहिष्कार किया हुआ। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने नगर अधिकारियों को लंबित मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की। यूनियन के नेताओं ने बताया कि सफाई कर्मचारी समान काम समान वेतन, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, ठेकेदारी प्रथा बंद करने आदि मांगों को लेकर 1 मई से नगर निगम में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया था, लेकिन निगम प्रशासन की तरफ से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इस कड़ी में 17 और 18 मई को सफाई कर्मचारी

**कर्मचारियों ने लंबित मांगों को शाम की शिफ्ट के काम का बहिष्कार किया हुआ**

विधायकों, मंत्रियों और सांसदों के आवास पर जाकर थाली-ताली बजाकर प्रदर्शन करेंगे। वही 30 और 31 मई को जनता के बीच पर्चे बांटकर सरकार की पोल खोलने का काम किया जाएगा।
**कर्मचारियों की मुख्य मांगें**
कर्मचारियों को समान काम समान वेतन दिया जाए।
हरियाणा चीफ सेक्रेटरी के पत्र अनुसार टीम गठित करके पेरोल के कर्मचारियों को पक्का करने का काम करे।
सभी कर्मचारियों का ईएसआई कार्ड, आइडेंटिटी कार्ड बना कर दिया जाए।

# यातायात को शुगम बनाने के लिए डीसी सक्रिय

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को एलएनटी व एनएचएआई के अधिकारियों सहित अन्य सम्बंधित विभागं के अधिकारियों के साथ जीटी रोड पर लगने वाले जाम को लेकर समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने एलएनटी व एनएचएआई के अधिकारियों को स्पष्टद रूप से निर्देश देते हुए कहा कि वे जीटी रोड पर शहरी क्षेत्र में लगी ग्रिलों को 6 फिट अन्दर करें ताकि



सडक चौडी होने से यातायात सुगम हो सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए एनएचएआई से अप्रूवल लेने इत्यादि बारे जिला प्रशासन हर वक्त आपकी मदद करेगा। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे भी जीटी रोड पर स्थित सर्विस रोड का जल्द से जल्द जीणोर्धार करें।

# कृष्णा देवी बनी राजमिस्त्री का काम करने पुरुषों के लिए एक चुनौती

**यमुनानगर।** काम बड़ा हो या छोटा महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। हर क्षेत्र में महिलाएं जहां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। ऐसी ही मिशाल बनी है जगाधरी के पाबनी रोड पर रहने वाली कृष्णा देवी जिसने राजमिस्त्री के काम में मुकाम हासिल कर जहां अपनी एक पहचान बनाई है वहीं पुरुषों को भी एक चुनौती दी है। जगाधरी के पावनी गांव में रहने वाली 40 वर्षीय कृष्णा देवी कई वर्षों से राजमिस्त्री का काम कर रही है और वह 40 से अधिक मकान और कोठियां बना चुकी है। कृष्णा ने बताया कि वह परिवार में अपने पांच भाई बहनों में तीसरे नंबर की है और उसने पांचवी तक की पढ़ाई की है।

# 'सकारात्मक सोच' विषय पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, शिवशक्ति भवन शाखा नारायणगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बी के तरुण बहन ने मंच का संचालन किया । उन्होंने इस वर्ष के थीम ,"सकारात्मक सोच" विषय पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष साकारत्मक सोच को अपने जीवन में धारण करने का आवाहन किया । इस अवसर पर अर्पित अनाम द्वारा सम्पादित, युवराज प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, अनाम प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित, श्याम लाल कौशिक नन्हेड़ा, सीमा शर्मा, रोशन लाल कैंसे सहित 11 लेखकों द्वारा



लिखित पुस्तक "वक़्त वक़्त की बात" पुस्तक का विमोचन राजयोगिनी बी के हरदीप बहन के कर कमलों द्वारा किया गया । उन्होंने कहा कि यह पुस्तक समाज में विशेषकर युवाओं में जागृति लाने का कार्य करेगी । इस अवसर पर बी के हरदीप बहन ने कहा कि "ओम शान्ति" वह मन्त्र है । जोकि हमें अपने स्वधर्म में

**"सकारात्मक सोच" विषय पर प्रकाश डालते हुए इस वर्ष साकारत्मक सोच को अपने जीवन में धारण करने का आवाहन किया**

स्थित करता है, आत्मा का स्वधर्म है शान्ति, मै शान्ति स्वरूप आत्मा । उन्होंने कहा जब हम अपने स्वधर्म में टिक जाते हैं तो हमारी आत्मा शान्त स्वरूप हो जाती है । "वक़्त वक़्त की बात" के विमोचन अवसर पर सम्पादक अर्पित अनाम ने पुस्तक में वर्णित विषय वस्तु बारे बताते हुए कहा, 'कि इस पुस्तक में अधिक रूप से श्यामलाल कौशिक नन्हेड़ा के लेखन सामग्री होने के कारण उन्हीं की रचना से पुस्तक का नामकरण किया गया । इस अवसर पर पुस्तक के लेखक श्याम लाल नन्हेड़ा ने कहा कि पुस्तक का लेखों के अनुरूप ही पुस्तक का विमोचन ब्रह्माकुमारी आश्रम में करने का निर्णय लिया गया । इस पुस्तक में समाज में दहेज प्रथा, शादियों पर बेतहाशा खर्च जैसी बुराइयों को वर्णित करते हुए , अतीत से वर्तमान तक की शादियों का वर्णन किया गया है । इस अवसर पर बी के भाई बृजभूषण भाई, सुखदेव राज, महासचिव जिला बनाओ संयुक्त संघर्ष समिति, भूपेन्द्र कपूर संयोजक भारत विकाष परिषद, अमरनाथ ढींगरा समाज सेवी ने भी अपने विचार रखे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में चिल्ड्रन स्पोर्ट्स फेस्टिवल आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के प्रांगण मे आजादी के अमृत महोत्सव के दिशा निर्देशन मे चिल्ड्रन स्पोर्ट्स फेस्टिवल आयोजित किया गया कयह उत्सव तीन दिन तक चला जिसमे लगभग 1500 छात्रों ने कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, वॉलीबाल, बास्केटबॉल, 100 मीटर की रेस आदि खेलो मे उत्साहपूर्वक भाग लिया कपूरे खेल उत्सव के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव 'लोगो' लगा रहा कखेल उत्सव मे आये मुख्य अतिथि श्री नवनीत सिंह शिंघारी (शिंघारी उधोगपति, समाज सेवक) का विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी ने



उनका हार्दिक अभिनन्दन किया तथा खेलो मे विजेताओं को प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने पर गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मैडल मुख्य अतिथि द्वारा पहनाया गया कडॉ आर आर सूरी ने उनका विद्यालय मे आने पर आभार प्रकट किया व धन्यवाद किया गया कडॉ सूरी ने छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल मे सिर्फ हार जीत ही मायने नहीं रखता बल्कि महत्वपूर्ण होता है खेल मे हिस्सा लेना, प्रतियोगी बनना व छात्रों को आगे भी इसी तरह खेलो मे भाग लेने के लिए प्रेरित किया कसभी खेलो मे प्रथम आये तथा गोल्ड मैडल प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार है ककक्षा छठी से वंशिका, सवनीत, अनन्या, युवान्क, आर्या, बिक्रम, अवनि,युवराज, मौर्य, मनदीप, कक्षा सातवीं से मुस्कान, अनीश, छवि, दिवस, जानवी, माधव, हरजोत, जय, पर्वी, अभिमन्यु, कक्षा आठवीं से ओजल, एकलव्य, सुहानी, नूतन, अमृत, कृशाग, अनन्या, निर्भय, अर्शनूर, साहिल, कीर्ति, गुरविंदर, कक्षा नौवीं से रिया, प्रिंस, रिशिका, आर्यन, बनीप्रीत, दिव्यांश, शरणजीत कौर, विनायक, तान्या, शुभम, वाणी, जसप्रीत, माधवी, अभिमन्यु, कक्षा दसवीं से कशिश, पर्व, आकांक्षा, लक्ष्य, कृतिका, धैर्य, प्रगति, गर्व, मीमांसा, रुद्रप्रताप, मोनिका,अमन, चैरी, मयंक, नवनीत कौर, दिव्यम क कक्षा ग्यारहवीं से हरजस, राजवीर, ट्विंकल, जसकरण, साहिल,ऊर्विका, आदित्य, काव्य, खुशपाल, अर्शदीप कौर,जसमीन, पियूष ककक्षा बारहवीं से सिमरन तोशार है कये सभी खेल विद्यालय के सीनियर स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर सुरेश चंद्र कौल, कोऑर्डिनेटर अनमोल, सीनियर टीचर अलका सैनी, अध्यापक स्पोर्ट्स लवदीप व स्वर्ण कुमार के दिशा निर्देशन मे खेले गए कविद्यालय मे कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, व क्रिकेट के खेलो के लिए डॉ सूरी ने कोच नियुक्त किये हैं।

# सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा केसरी में प्रमाण पत्र समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा गांव केसरी में एनलाइट लाइफ ऑफ किड्स इन नीड के सहयोग से चल रहे निशुल्क डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में बच्चों को कम्प्यूटर ट्रैनिंग प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट चेयरमैन नरेश मित्तल केसरी ने बताया कि इस डिजिटल ई-लर्निंग सैंटर में आधुनिक तकनीक युक्त 10 कम्प्यूटर है, इस सैंटर में सिर्फ लडकियों को ही निशुल्क कम्प्यूटर ट्रैनिंग व कैरियर सम्बन्धित जानकारी दी जाती है। उन्होनें बच्चों को संबोधित करते हुए




कहा कि बच्चों को एक लक्ष्य जरुर निर्धारित करना चाहिए कि हमें जीवन में क्या बनना है ताकि हम अपने लक्ष्य को हासिल कर सके। इस अवसर पर ई-लर्निंग सैंटर की अध्यापक पूनम, काजल, आरती देवी, सुखजीत कौर, महक, नेहा देवी, मुस्कान, कमलजीत कौर, दिशा और जस्तार केसरी मौजूद रहे।

# नहीं हुआ शराब घोटला: सीएम केजरीवाल

## शराब घोटाले को बताया फर्जी, कहा- इसका मकसद केवल आप को बदनाम करना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**जिस** आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल में रिमांड पर हैं और उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा उसे आम आदमी पार्टी (आप) फर्जी बता रही है। ताजा मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा, "पूरा शराब घोटाला झूठा है। हम शुरू से कह रहे थे। अब तो अदालतें भी कहने लगी हैं। आप जैसी ईमानदार पार्टी को बदनाम करने के लिए बीजेपी का ये हताशा भरा कदम है।" इससे पहले रविवार (7 अप्रैल) को आम आदमी पार्टी ने कहा था कि कथित आबकारी घोटाले पर राउज एवेन्यू कोर्ट से भाजपा और सीबीआइ-ईडी के गठजोड़ को जोर का झटका लगा है। कोर्ट के आदेश से साफ हो गया है कि दिल्ली में कोई शराब घोटाला नहीं हुआ है और सीबीआइ-ईडी के पास कोई सुबूत नहीं है। इस संबंध में रविवार को सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा था कि अब कोर्ट ने भी कहा है कि रिश्वत या मनी लान्ड्रिंग का कोई ठोस सुबूत नहीं है।

**कोर्ट ने घोटाले के आरोप को मनगढ़ंत बताया:** कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ के साथ प्रेस वार्ता कर आप की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने रविवार को कहा था कि इस मामले में गिरफ्तार राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को कोर्ट ने जमानत दे दी है। 85 पेज के आदेश में कोर्ट ने भाजपा और सीबीआइ-ईडी द्वारा लगाए गए 100 करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप को मनगढ़ंत बताया है। उन्होंने इस पैसे का इस्तेमाल गोवा चुनाव में करने का आरोप भी कोर्ट में धराशायी हो गया है। सीबीआइ-ईडी की जांच से आप को देश की सबसे ईमानदार पार्टी होने का प्रमाणपत्र मिला है। उन्होंने कहा था कि आप पर झूठे आरोप लगाने के लिए अब पीएम मोदी और भाजपा को देश से माफी मांगनी चाहिए।

**ईडी के पास कोई सुबूत नहीं:** आतिशी ने कहा था कि कोर्ट द्वारा आदेश में कई बार कहा गया है कि ईडी ने एक भी सुबूत सामने नहीं रखा है। इनका पहला आरोप है कि 100 करोड़ का घोटाला हुआ और शराब कारोबारियों द्वारा 100 करोड़ रुपये की रिश्वत आप को दी गई। सीबीआइ-ईडी और भाजपा का कहना था कि इस मामले में शराब कारोबारी गौतम मल्होत्रा भी शामिल थे, लेकिन कोर्ट ने अपने आदेश के पैरा-74 में कहा है कि एक पैसे का रिश्वत देने का कोई भी सुबूत किसी भी एजेंसी ने कोर्ट के समक्ष नहीं रखा गया है। उन्होंने कहा था कि ईडी की कहानी 100 करोड़ रुपये से शुरू होती है, पर ये 100 करोड़ रुपये कहां से आए, यह स्पष्ट नहीं है, क्योंकि ईडी ने अपनी चार्जशीट में सिर्फ 30 करोड़ रुपये की बात कही है। ईडी के अनुसार ये 30 करोड़ रुपये तथाकथित तौर पर किकबैक के रूप में आए और इन लोगों के माध्यम से गोवा चुनाव में पहुंचाए गए। जबकि, ईडी ने ही छह महीने की जांच के बाद कोर्ट के सामने कहा कि आप ने गोवा चुनाव में मात्र 19 लाख रुपये कैश में खर्च किया है।



### ' माकन का भाजपा से क्या रिश्ता?'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल के बंगले के नवीनीकरण पर 171 करोड़ खर्च करने और तमाम नियमों का उल्लंघन करने का दावा करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन के आरोप पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा है कि यह बात कांग्रेस से पूछी जानी चाहिए कि अजय माकन के भाजपा से क्या रिश्ता है। वह प्रधानमंत्री के बंगले पर खर्च हो रहे 1300 करोड़ के मुद्दे को क्यों नहीं उठाते, वह अदाणी के घोटाले की जांच जेपीसी से कराने की बात क्यों नहीं उठाते। माकन अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से अलग बयान क्यों दे रहे हैं।

**सीएम का दावा**

● कोर्ट के आदेश से साफ हो गया है कि दिल्ली में कोई शराब घोटाला नहीं हुआ है और कोई सुबूत नहीं है

### गो फर्स्ट का एनसीएलटी से दिवाला समाधान याचिका पर फैसला करने का अनुरोध

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**एयरलाइंस** कंपनी गो फर्स्ट ने राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) से स्वैच्छिक दिवाला समाधान याचिका पर जल्द फैसला लेने का अनुरोध किया है। इस बीच पट्टेदारों ने कंपनी के विमानों का पंजीकरण रद्द करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता पी नागेश ने प्रांजल किशोर के साथ रामलिंगम सुधाकर की अध्यक्षता वाली न्यायाधिकरण की प्रधान पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया है। गो फर्स्ट ने न्यायाधिकरण से अनुरोध किया गया है कि उसकी याचिका पर जल्द फैसला किया जाए।



जंतर-मंतर में पहलवानों के समर्थन में पहुची राज्यसभा सासंद प्रियंका चतुर्वेदी।

# वकील के दफ्तर में फायरिंग, गोली लगने से मुंशी की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में एक वकील** के दफ्तर पर एक शख्स ने गोली चला दी। गोली लगने से वकील के मुंशी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया है, जिसको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने बताया गोविंदपुरी स्थित टीए-128 प्रथम तल पर अधिवक्ता सुशील गुप्ता के दफ्तर पर फायरिंग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर देखा तो अधिवक्ता के गोली लगने से अनस अहमद बुरी तरह घायल हो गया, जिसको इलाज के लिए मजीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया तो डॉक्टरों की टीम ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौके पर हमलावरों द्वारा इस्तेमाल की गई एक काली हुंडई क्रेटा भी मिली है, जिसको गोलीबारी की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। शुरूआती जांच में पता चला है कि अधिवक्ता के एक क्लाइंट जफरूल का सैयद मुकीम रजा के साथ 4 हजार रुपये की राशि को लेकर विवाद चल रहा था। जरूर ने अधिवक्ता सुनील गुप्ता से इस मामले को सुझाने को भी कहा और फिर कथित तौर पर अंकित, मुकीम, वरुण और गुलाम मोहम्मद बातचीत के लिए सुशील गुप्ता के कार्यालय पहुंचे।



**शिकंजा**

● गोविंदपुरी स्थित टीए-128 प्रथम तल पर अधिवक्ता सुशील गुप्ता के दफ्तर पर फायरिंग की सूचना मिली थी

### मुसीबत भरा मौसम: सूरज की पराबैंगनी किरणें तेजी से डाल रही स्कीन पर असर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इन** दिनों मौसम में हो रहे बदलाव के कारण छोटी माता और सनबर्न से लोग ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम परिवर्तन की वजह से कई तरह के वायरस सक्रिय हो गए हैं, जिन्होंने सूरज की किरणों की तरह अपना असर शरीर पर दिखाना शुरू कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि इन दिनों सुबह नौ बजे तक हाई और शाम चार बजे तक एक्स्ट्रा डिम लेवल पर सूरज की किरणें पहुंच रही हैं। इसकी वजह से जिला अस्पताल के ओपीडी में चर्म रोग के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चिंता की बात यह है कि इस बार इस मौसम में भी छोटी माता, सनबर्न, हीट रैश के मामले तेजी से अपना पांव पसार रहा है। जिला अस्पताल के चर्म रोग विभाग के डॉ. नीरज मेहता ने बताया कि इस बार तापमान की तीव्रता तेजी से घट व बढ़ रही है। इसके चलते चर्म रोगियों की संख्या बढ़ गई है। 35 से 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान पहुंच चुका है। कभी-कभी बरसात भी हो जा रही है। इस वजह से सूरज की पराबैंगनी किरणों से निकलने वाली तीव्रता शरीर के साथ ही त्वचा पर तेजी से असर डाल रही है। यही कारण है कि इन दिनों प्रतिदिन चर्म रोग विभाग की ओपीडी में 150 से 200 के आसपास मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इन मरीजों के अंदर कई तरह की बीमारियां देखने को मिल रही हैं। सभी बीमारियां वायरस से ही है। डॉक्टरों का कहना है कि इस मौसम में छोटी माता नहीं होती थी, लेकिन इस बार हर दिन तीन से चार मरीज छोटी माता के भी आ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि युवाओं में ये लक्षण देखने को मिल रहा है।

# डीटीसी बस में गार्ड की जेब से चोरी किया मोबाइल, पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी दिल्ली** के मधु विहार इलाके में एक बदमाश ने डीटीसी बस के अंदर एक गार्ड की जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। बदमाश फरार हो पाता उससे पहले ही यात्रियों ने उसे दबोच लिया। यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बस चालक ने दरवाजे बंद कर लिए और बस को सीधे मधु विहार थाने लेकर गया। उसी वक्त बदमाश ने पुलिस से बचने के लिए खुद पर ब्लेड से हमला कर घायल कर लिया। लोगों ने समीर नाम के बदमाश को पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित राजीव कुमार बुलंदशहर में रहते हैं। वह मंडावली स्थित एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड हैं। वह शनिवार को बस आनंद विहार जा रहे थे, इस बीच एक बदमाश ने उनकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। बदमाश भागने लगा तो उन्होंने अन्य यात्रियों की मदद से उसे पकड़ लिया। बदमाश अंजाम भुगतने की धमकी देने लगा। बस चालक ने सुझबुझ दिखाते हुए बस को सीधे थाने ले गया।



**शिकंजा**

● यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चालक ने दरवाजे बंद कर लिए और बस को सीधे मधु विहार थाने लेकर गया

# अब गर्मी में पेयजल संकट नहीं झेलेंगे दिल्लीवासी, प्लान तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली जल** बोर्ड ने गर्मी के मौसम में राजधानी वासियों को पेयजल किल्लत से निजात दिलाने के लिए जमीनी हकीकत का पता लगाकर समर एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। बोर्ड अपने इस प्लान को इस माह के दौरान लागू कर करेगा। बोर्ड ने विधायकों से बातचीत कर पेयजल किल्लत वाले इलाकों के बारे में पता कर उनमें पानी उपलब्ध कराने का प्लान बनाया है। बोर्ड इन इलाकों में टैंकरों व वॉल्व संचालित कर पानी भेजेगा। दिल्ली जल बोर्ड प्रतिदिन करीब 990 एमजीडी पानी उपलब्ध कराता है। राजधानी में सर्दी व बरसात के मौसम में पानी की मांग करीब 1150 एमजीडी रहती है और गर्मी के मौसम में पानी की मांग करीब 200 एमजीडी बढ़ जाती है। इस तरह गर्मी में पानी की मांग व आपूर्ति में करीब 350 एमजीडी का अंतर हो जाता है और अनेक इलाकों में पेयजल आपूर्ति नहीं पहुंचती है, मगर जल बोर्ड ने इस बार गर्मी के मौसम में सभी इलाकों में पेयजल पहुंचाने का निर्णय ही नहीं लिया है, बल्कि प्लान भी बनाया है। हालांकि जल बोर्ड ने अभी अपने प्लान का खुलासा नहीं किया है। बोर्ड के अनुसार, गर्मी में पानी की बढ़ती जरूरत को ध्यान में रखकर समर एक्शन प्लान तैयार कर लिया है। विधायकों से बात कर पेयजल किल्लत वाले इलाकों के बारे में मालूम किया है और उनमें पानी पहुंचाने के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम को अलर्ट किया है और सभी कंट्रोल रूम में टैंकरों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा करीब 400 नए ट्यूबवेल लगाने का कार्य चल रहा है और ये ट्यूबवेल इस माह के अंत तक पानी उपलब्ध कराना आरंभ कर देंगे। वहीं बूस्टर पंपों को दुरुस्त किया गया है और लाइनों में लीकेज भी खत्म की गई है। वहीं जल बोर्ड ने पेयजल संकट से प्रभावित रहने वाले इलाकों में पानी पहुंचाने के लिए वॉल्व सिस्टम का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

इन इलाकों के आसपास के क्षेत्रों के वॉल्व बंद कर उनमें पानी पहुंचाया जाएगा और सभी इलाकों में पानी पहुंचाने का समय तय किया जाएगा।

### पेयजल संकट से प्रभावित रहने वाले इलाके

**संगम विहार**, मूलचंद कॉलोनी, लक्ष्मी नगर, गोविंदपुरी, जगतपुरी एक्सटेंशन, नाहरपुर गांव, जगतपुर, न्यू अशोक नगर, ललिता पार्क, यमुना विहार, समयपुर, बुद्ध विहार, धीरपुर गांव, आजादपुर, मोती नगर, त्रिनगर, महिपालपुर, समालखा, रंगपुरी, बिजवासन, राज नगर, रोशनपुरा, धर्मपुरा, निहाल विहार, मुंडका, नांगलोई, बक्करवाला, कराला, कंझावला, घेवरा, बवाना, कुतुबगढ़, नत्थूपुरा, राजौरी गार्डन, लाजवंती गार्डन, नांगल राया, आरके पुरम, दिल्ली कैंट आदि।



### जल बोर्ड की पानी आपूर्ति करने की तैयारी

**नौ** जल शोधक संयंत्रों से 865 एमजीडी पानी उपलब्ध होता है रैनीवेल और ट्यूबवेल के माध्यम से 125 एमजीडी पानी मिलता है पेयजल से प्रभावित इलाकों में 1050 टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की तैयारी की है पेयजल की मांग वाले इलाकों में पानी उपलब्ध कराने के लिए 96 वाटर एटीएम और ई-प्याऊ की व्यवस्था की

# आम आदमी पार्टी कर रही न्यायालय का अपमान: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी पर न्यायालय का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि आप जमानत आदेशों का हवाला देकर शराब नीति घोटाले में भ्रम फैला रही है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पूरे मामले में सह आरोपी हैं और कोर्ट ने अपने जमानत आदेश में लिखा है कि जिन दो अभियुक्तों को जमानत दी गई है, उनके खिलाफ सिसोदिया को लाभ पहुंचाने का कोई साक्ष्य नहीं प्राप्त है। भारतीय जनता पार्टी के नेता गौरव भाटिया ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केवल एक जमानत आदेश को आधार बनाकर आम आदमी पार्टी कह रही है कि दिल्ली का शराब नीति घोटाला कुछ नहीं है। जमानत आदेश न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं है। न ही न्यायालय ने किसी को दोष से मुक्ति दी है और न अभियुक्तों पर लगी धाराएं हटाई गई हैं। लेकिन आप पार्टी इसे ऐसे पेश कर रही है कि जैसे शराब घोटाला कुछ नहीं है। भाटिया ने कहा कि राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा से जुड़े जमानत आदेश में लिखा है कि मामले में सह अभियुक्त मनीष सिसोदिया को दोनों की ओर से लाभ पहुंचाने के कोई साक्ष्य नहीं हैं, इसलिए अदालत इन्हें जमानत दे रही है। इसका मतलब है कि मनीष सिसोदिया मामले में लिप्त हैं।
उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका बार-बार खारिज हो रही है। वे मामले में सह अभियुक्त हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें राहत नहीं दी है। सीबीआई कोर्ट ने भी कहा है कि मनीष सिसोदिया पर लगे आरोप प्रथम दृष्टया ठीक दिखाई देते हैं और मामला गंभीर हैं, इसलिए उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। भाजपा नेता ने कहा कि मामला दिल्ली हाईकोर्ट के भी विचाराधीन है और उस मामले का संज्ञान लेना चाहिए कि किसी अन्य के जमानत आदेश के आधार पर आम आदमी पार्टी झूठे दावे कर रही है।



**गुमराह कर रही...**

● केवल एक जमानत आदेश को आधार बनाकर आम आदमी पार्टी कह रही है कि दिल्ली का शराब नीति घोटाला कुछ नहीं है

# तेज रफ्तार कार सवार ने मारी युवक को टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तरी** दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में कार चालक ने रविवार देर रात सड़क पर जा रहे युवक को टक्कर मार दी, जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं कार सवार दो युवक भी घटना में घायल हो गए। पुलिस ने हादसे में घायल शख्स के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दोनों कार सवार घायलों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। डीसीपी सागर सिंह कलसी ने सोमवार को बताया कि चांदनी चौक इलाके में रविवार देर रात करीब 11:30 बजे पुलिस को कॉल मिली कि तेज रफ्तार कार सवार दो लोगों ने सड़क पर जा रहे एक शख्स को जोरदार टक्कर मार दी है। हादसे में तीनों शख्स घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लोगों ने बताया कि हादसे में कार सवार अंकुर, जावेद और तीसरे शख्स योगेंद्र घायल हो गए हैं। पुलिस तीनों घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची, जहां दोनों कार सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# जी20 समिट के लिए संवर रही दिल्ली

## कबाड़ से बनाई गई जी-20 सदस्य देशों के पशु-पक्षियों की आकृति



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आगामी** सितंबर माह में भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। इसे लेकर राजधानी दिल्ली को खूबसूरत बनाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए सभी चौराहों को सुंदर पौधों से सजाने का काम किया जा रहा है। कई जगह नए स्ट्रेच लाइन को बनाया गया है। कभी फूलों से जी-20 सदस्य देशों के पशु-पक्षियों की आकृति बनाई जा रही तो कभी कबाड़ से। मैदान गढ़ी गांव स्थित ललित कला अकादमी में कबाड़ के रूप में बचे लोहे, घर के बर्तनों, सिलेंडर, प्लास्टिक और बाइक व साइकिल के पुर्जों से पशु-पक्षियों की आकृति तैयार की गई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि भारत के अलग-अलग राज्यों से आए शिल्पकारों द्वारा बनाई गई यह आकृति 15 मई को चाणक्यपुरी के मैत्री पार्क में सजावट के तौर पर लगाई जाएंगी।

**लोहे से बना इटली का राष्ट्रीय पक्षी:** बिहार के भागलपुर से आई सुकन्या ने 400 से 500 किलो लोहे के कबाड़ का इस्तेमाल कर-के पेड़ और उसपर बैठी हुई सात गौरयों को बनाया है। सुकन्या ने बताया कि यह आकृति एक कहानी पर आधारित है। जिस तरह से गौरया हमेशा अपने समूह में रहती है उसी तरह यहां बनाए गए पेड़ पर सात गौरया है जो आपस में बात कर रही हैं। इसलिए मैंने इसका टाइटल गपशप दिया है। उन्होंने बताया कि गौरया से हमारा जुड़ाव काफी अधिक है क्योंकि यह बिहार का भी राजकीय पक्षी है।

**आकृति तैयार**

● नए स्ट्रेच लाइन को बनाया गया है। फूलों से जी-20 सदस्य देशों के पशु-पक्षियों की आकृति बनाई जा रही तो कभी कबाड़ से

# टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से 24 घंटे अलर्ट रहकर पुलिस ने 225 लोगों की बचाई जान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**18 अप्रैल**, 2023 का दिन। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की द्वारका स्थित यूनिट इंटेलीजेंस फ्यूजन स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस (आईएफएसओ) की सोशल मीडिया अलर्ट टीम के कंप्यूटर पर अलर्ट आता है। अलर्ट को खोलने पर पता लगा कि फरीदाबाद के बल्लभगढ़ निवासी एक व्यक्ति (40) ने इंस्टाग्राम पर वीडियो डाला कि वह खुदकुशी कर रहा है। कुछ देर बाद वह वीडियो डिलीट कर देता है। इस पर एसीपी विजय घेलावत की टीम अलर्ट मोड में आ जाती है और वह तुरंत उक्त व्यक्ति का आईपी एड्रेस व मोबाइल नंबर निकालते हैं। पुलिस फरीदाबाद कंट्रोल रूम को भी सूचना दे देती है। एसीपी विजय घेलावत उस व्यक्ति से तुरंत बात करते हैं। पता लगा कि उसकी छह वर्ष पहले शादी हुई थी। संतान नहीं होने पर पत्नी ने कोर्ट में तलाक का केस डाल दिया। इस कारण वह परेशान रहने लगा। डिप्रेशन में जाने के कारण वह खुदकुशी करना चाहता था। इसके लिए उसने वीडियो अपलोड किया था। दिल्ली पुलिस उस व्यक्ति के पड़ोस में रहने वाली युवक को सूचना देकर उस पर नजर रखने के लिए कहती है। दिल्ली पुलिस की सतर्कता के चलते उस व्यक्ति की जान बच गई। इसी तरह नवंबर, 2022 में बवाना में रहने वाले युवक ने फेसबुक पर वीडियो डाला कि वह खुदकुशी कर रहा है। अलर्ट मिलते ही पुलिस टीम ने युवक का आईपी एड्रेस व मोबाइल नंबर निकालकर बवाना व नरेला औद्योगिक थानों को सूचना देकर मौके पर भेजा। पुलिस ने युवक को खुदकुशी नहीं करने के लिए समझाया। युवक ने बताया कि बड़े भाई से विवाद के चलते वह परेशान था और खुदकुशी करना चाहता था। ये दो उदाहरण हैं कि दिल्ली पुलिस कैसे लोगों की जान बचा रही है। आईएफएसओ के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि वह अब तक 225 लोगों की जान बचा चुके हैं। इनमें ज्यादातर छात्र व छात्राएं हैं। महिलाओं की संख्या भी काफी है।



**कोरोना काल से बढ़ी खुदकुशी करने की प्रवृत्ति:** उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि ज्यादातर मामलों में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच जाती है और पीड़ित को बचा लेती है। वह 90 फीसदी से ज्यादा मामलों में कामयाब हो जाती है। कई बार समय पर नहीं पहुंचने पर पुलिस पीड़ित को बचा नहीं पाती है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आंकड़ों से देखने में ये भी सामने आ रहा है कि कोरोना काल से लोगों में खुदकुशी की प्रवृति बढ़ती जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि आईएफएसओ अब तक 225 लोगों को बचा चुकी है।

**टेक्नोलॉजी के जरिए दिल्ली पुलिस ऐसे दे रही दूसरी जिंदगी:** हाईटेक होती टेक्नोलॉजी का फायदा उठाने के लिए दिल्ली पुलिस ने कदम उठाया। दिल्ली पुलिस की आईएफएसओ यूनिट गूगल की वर्ष 2019 में दिल्ली की नोडल एजेंसी बनी। इससे दिल्ली पुलिस को जीवन को लेकर धमकी जैसे बम धमाके, बम की सूचना, खुदकुशी, आतंकी हमला और बाल यौन शोषण का अलर्ट मिलने लगा। इसके लिए दिल्ली पुलिस ने आईएफएसओ में एक अलर्ट टीम बनाई। गूगल ने इस तरह का सिस्टम बना रखा है या फिर ऐसे शब्द डाल रखे हैं कि बम धमाके, खुदकुशी और बाल यौन शोषण की घटना सामने आती है तो कंप्यूटर पर अलर्ट आ जाता है। अलर्ट मिलने के बाद पुलिस टीम आईपी एड्रेस व मोबाइल नंबर निकालकर पीड़ित तक पहुंच जाती है और उसे बचा लेती है।

## न्यूज फ्लैश

### पुलिस की गोली से घायल हुए अभियुक्त को कराया भर्ती

**मथुरा।** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार किया है, जबकि एक मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त मोहित शर्मा पुत्र पप्पू शर्मा निवासी असनेहता जहांगीराबाद थाना लोधा जनपद अलीगढ़ शातिर किस्म का अपराधी है। थाना जमुनापार क्षेत्र में हुई लूट की घटना में आरोपित पुलिस संलिप्तता मानकर चल रही है। अलीगढ़ के थाना इगलास, थाना गांधी पार्क, थाना बन्ना देवी, थाना लोधा, थाना सिविल लाइन में पहले से ही आपराधिक मामले दर्ज हैं। अन्य थानों से आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है। इसके पास से एक अवैध तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस .315 बोर, दो मोबाइल फोन, एक प्लैटिना मोटरसाइकिल बिना नंबर की बरामद किए गए हैं। पुलिस की गोली लगने से घायल हुए आरोपित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक्सप्रेस वे से 40 लाख की शराब पकड़ी

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे तस्करी हो रही शराब की बडी खेप को पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त कार्यवाही कर जब्त किया है। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये है। संयुक्त टीम ने मांट टोल प्लाजा से 500 मीटर नोएडा की तरफ एलपीटी ट्रक नंबर बीआर 02 एए 6314 में भरी 510 पेटी अवैध गैर प्रान्त शराब के साथ अभियुक्त राजा कुमार पुत्र महेश्वर शाह निवासी दबैच्छ थाना तिसिऔता जिला वैशाली बिहार को गिरफ्तार किया गया है। धारा 60(1), 63, 72 आबकारी अधिनियम के के तहत थाना मांट पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।

### संस्कार भारती के बैनर तले आयोजित हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**मथुरा।** आजादी के अमृत महोत्सव के संदर्भ में संस्कार भारती वृंदावन के बैनर तले बिहारी घाट स्थित श्री निंबार्क जूनियर हाई स्कूल में स्कूली छात्र छात्राओं के मध्य चित्रकला कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 25 नवोदित चित्रकला साधकों ने सहभागिता करते हुए आजादी के दीवाने क्रांतिकारियों के चित्रों को रंगों से सजाया। जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, महात्मा गांधी, मंगल पांडे व सरोजिनी नायडू आदि चित्रों को रंगों से सुसज्जित किया। नवोदित चित्रकला साधकों का निर्देशन चित्रकला विधा प्रमुख राहुल पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय नंद कुमार शुक्ला के परिवार से बृजेश कुमार शुक्ला तथा स्वतंत्रता सेनानी श्रीनाथ गुप्ता उर्फ सीनोजी के परिवार से विनोद कुमार वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्हें संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल मोही, मंत्री प्रोफेसर के.एम.अग्रवाल ,सह मंत्री पुलिन बिहारी गौतम, कोषाध्यक्ष हरिवंश खंडेलवाल ने पटुका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### कैटल कैचर से निराश्रित गोवंश को पहुंचाया जाएगा गौशाला

**मथुरा।** गोवर्धन ब्लॉक खण्ड में 18 लाख रुपये करीब की लागत से बना कैटल कैचर वाहन पहुँचा।सोमवार को ब्लॉक प्रमुख विपिन सिंह ने बताया कि ब्लॉक खण्ड के द्वारा कैटल कैचर वाहन के जरिये निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला पहुँचाया जायेगा।ब्लॉक प्रमुख विपिन सिंह द्वारा बताया कि ब्लॉक खण्ड के किसानों की समस्याओं को देखते हुए निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए कैटल कैचर वाहन के जरिये निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गौशाला पहुँचाया जायेगा।जो कि निशुल्क होगा।जिस किसी गांव में निराश्रित गोवंशों को लेकर कोई भी सूचना ब्लॉक में आयेगी उसका संज्ञान लेकर उस जगह तुरंत कैटल कैचर वाहन भेजा जायेगा। आवारा निराश्रित गोवंशों को पकड़कर लाया जायेगा।और वहां से पकड़कर सुरक्षित जगह पर पहुँचाया जायेगा।कैटल कैचर वाहन के आने से काफी किसानों को राहत मिलेगी।

### मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज

**मथुरा।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर्स, आर.ओ., ए.आर.ओ को मतगणना प्रशिक्षण नौ मई को दिया जाएगा। सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की मतगणना 13 मई को होनी है। इसके दृष्टिगत समस्त मास्टर ट्रेनर्स, आर.ओ, ए.आर.ओ. का मतगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम नौ मई 2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में होगा। ई.वी.एम. का प्रशिक्षण अपरान्ह चार बजे से पांच बजे तक तथा सायंकाल पांच बजे से छह बजे तक बैलेट बॉक्स का प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# सांसद ने स्पेशल महिला ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

## कामकाजी महिला रेलयात्रियों के साथ अन्य महिला रेलयात्रियों को मिलेगी विशेष सुविधा: सांसद

**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**कोरोना के** कारण बंद हुई महिला स्पेशल ट्रेन को सांसद रमेश कौशिक ने पुनः शुरू करवाते हुए सोमवार को रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर महिला स्पेशल ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि महिला रेलयात्री फिर से महिला स्पेशल ट्रेन में बैठकर अपने गंतव्य पर पहुंच सकेंगी। सोनीपत रेलवे स्टेशन से सुबह बड़ी संख्या में महिलाएं दिल्ली की ओर अपने कामकाज तथा पढ़ाई के लिए रवाना होती हैं, जिनके लिए महिला स्पेशल ट्रेन एक वरदान के रूप में है। सांसद ने कहा कि आम



जनमानस को अच्छी रेल सुविधाएं प्रदान करना केन्द्र सरकार का हमेशा लक्ष्य रहा है। उन्होंने कहा कि उनके समय में रेल सुविधाओं में लगातार वृद्धि की गई है। सोनीपत से जींद रेल लाइन भी इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि अब सोनीपत रेलवे स्टेशन को मॉडर्न व अत्याधुनिक बनाने के लिए लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिससे रेलयात्रियों को अच्छी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे प्रयास कर रेल यात्रियों की सुविधाओं को बढ़ाएंगे और उनकी मांगे भी नियमित रूप से पूरी करवायेंगे। उन्होंने कहा कि केएमपी के साथ-साथ पलवल-खरखौदा-हरसाना-सोनीपत रेलवे लाईन का निर्माण किया जा रहा है, जिससे यहां के लोगों को फायदा होगा। सांसद कौशिक ने कहा कि उनका हमेशा प्रयास रहता है कि रेल यात्रियों की सभी समस्याओं व मांगों को तुरंत पूरा करवाया जाए और वे लोगों के मांगों को पूरा करवाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही लोगों की सुविधा को देखते हुए शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन का सोनीपत ठहराव करवाया गया, ताकि सोनीपतवासी कम समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच सके। उन्होंने कहा कि अन्य सरकारों की तुलना में बीजेपी सरकार में रेलवे का बहुत ज्यादा विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने को लेकर भी लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बहुत तेजी के साथ नई रेलवे लाईनों का निर्माण कराया जा रहा है। क्योंकि यदि औद्योगिक के क्षेत्र में विकास करना है तो रेल का जाल बिछाना बेहद जरूरी है। इस दौरान राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली ने जिला के महिला रेलयात्रियों को बधाई देते हुए कहा कि आज उनकी लंबे समय से चली आ रही स्पेशल महिला ट्रेन की मांग को पूरा किया गया है। इस ट्रेन के शुरू होने से जिला की महिलाओं और बेटियों को नौकरी करने व पढाई करने के लिए दिल्ली जाने की और अच्छी सुविधान प्रदान होगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आज हरियाणा में रेलवे द्वारा सभी रेलवे लाईनों का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण किया गया है।

## यमुना प्रदूषण: आंदोलन जीवी हुए मौन, अब पीर सुनेगा कौन!



**टीम एक्शन इंडिया/मथुर।**
**यमुना** पर आंदोलन का नेतृत्व करते रहे लोग लम्बे समय से मौन हैं। यमुना प्रदूषण का मुद्दा अब लोगों के जेहन में नहीं आता। जबकि कुछ वर्ष पूर्व यह मुद्दा गाहे बगाहे लोगों का ध्यान खींचता रहता था और आंदोलनों की लम्बी श्रृंखला का गवाह रहा है। भगवान श्री कृष्ण और यमुना महारानी का ब्रज में एक अलग ही महत्व है। बावजूद इसके मां यमुना महारानी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाने पर मजबूर है। करीब एक दशक पहले संत रमेश बाबा के सानिध्य में लाखों भक्तो ने मोक्ष दायिनी मां यमुना को दूषित जल से मुक्त कराने के लिए आमरण अनशन के साथ दिल्ली में कुच कर सरकार से यमुना में शुद्ध जल छोड़े जाने की मांग की थी, यह आंदोलन ब्रज के इतिहास में दर्ज हो गया। राजनीतिक दलों ने भी यमुना के नाम पर खूब राजनीति की है। न्यायालय से भी कई बार आदेश जारी हुए हैं। जिससे दूषित पानी यमुना में न मिल सके। जिसको संज्ञान में लेते हुए अधिकारियों ने नालों को टैप कराने की कार्यवाही शुरू की थी।

## कराटे खिलाडियों का बेल्ट की परीक्षा सफलतापूर्वक हुई सम्पन्न



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**फामा** के तत्वाधान मै कराटे खिलाडियों का बेल्ट एग्जाम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जिसमें दो दर्जन से अधिक खिलाडियों ने प्रतिभाग किया। सभी खिलाडियों ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर अपनी योग्यतानुसार बेल्ट प्राप्त की ,राष्ट्रीय रेफरी सोनू निषाद ने जानकारी देते हुऐ कहा कि खेलों इण्डिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022 के मशाल रैली में खिलाड़ी करेंगे प्रतोभाग। जनपद मथुरा स्थित ट्रेडिशनल शोतो काई कराटे एसोसिएशन मथुरा और फाइटर एके-डमी ऑफ मार्शल आर्ट (फामा अकादमी) द्वारा रंगीन बेल्ट का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे दो दर्जन खिलाड़ियों ने भाग लिया।

## पति की हत्या के आरोप में पत्नी अपने प्रेमी संग गिरफ्तार

**मथुरा।** पुलिस ने प्रेमी के साथ मिल कर पति की हत्या के आरोप में पत्नी को प्रेमी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। घटना के सम्बन्ध में थाना गोविंद नगर थाने में प्रहलाद सैनी पुत्र मोहन सैनी निवासी लक्ष्मी नगर बिरला मंदिर थाना गोविन्द नगर मथुरा द्वारा अपने भाई मृतक सिकन्दर उर्फ हीरा पुत्र मोहन सैनी निवासी लक्ष्मीनगर, बिरला मंदिर थाना गोविंद नगर की तीन मई को गला घोंटकर हत्या करने के सम्बंध में गौरव उर्फ डेविड सैनी पुत्र पप्पू सैनी निवासी लक्ष्मी नगर बिरला मंदिर थाना गोविंद नगर मथुरा व अभियुक्ता (मृतक की पत्नि) के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। हत्या के अभियोग में वांछित चल रहे हत्यारे प्रेमी गौरव उर्फ डेविड सैनी व मृतक की पत्नी को सोमवार को पीएमवी कॉलेज के पास हनुमान मंदिर बिरला मंदिर मथुरा वृंदावन रोड से गिरफ्तार किया गया।

## ग्रामीण लड़कियां स्वरोजगार कर बने आत्मनिर्भर: कृष्ण छौक्कर

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत के** गांव सनौली खुर्द में नेहरू युवा केंद्र से सबंधित ग्राम सुधार मंडल एवं यमुना सुधार समिति के सहयोग से रविवार को ग्रामीण छात्राओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर एवं ब्यूटिशियन प्रशिक्षण कोर्स के समापन पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण छौक्कर, विशिष्ट अतिथि यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट, अति विशिष्ट अतिथि ब्लॉक समिति सनौली चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुनील फौर व सरपंच संजय त्यागी ने छात्राओं का



प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वही इस मौके पर नए शुरू होने वाले ब्यूटिशियन व कंप्यूटर सैंटर का भी शुभांरभ किया। कृष्ण छौक्कर ने लडकियों एवं महिलाओं से कहा कि वे कंप्यूटर, ब्यूटिशियन व सिलाई आदि का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बने। रत्तन सिंह रावल ने कहा कि लड़कियों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के साथ ही अपने अधिकारों एवं कत्तव्यों के प्रति भी जागरूक होना चाहिये। भाजपा नेता रणजीत शर्मा, युवती मंडल की अध्यक्षा पुष्पा, युवा मंडल अध्यक्ष उमेश कुमार, समाजसेवी रवि कुमार, सानिया, अन्नू, मुस्कान व सोनिया आदि छात्राएं मौजूद रही।

# मोदी के नेतृत्व में सैनिक व अर्धसैनिक बलों का पूरे विश्व में बड़ा स्थान: ओम

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। क्षेत्र** के गांव चंदपुरा में शहीद नरेश कुमार की पुण्यतिथि पर प्रतिभा एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में चंदपुरा गांव के प्रतिभावान लोगों को सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश यादव द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में सैनिक व अर्ध सैनिक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश यादव मुख्य अतिथि थे, जबकि अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस मौके पर मंत्री ओमप्रकाश यादव ने शहीद नरेश कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि शहीद नरेश कुमार 33 बटालियन सीआरपीएफ में दक्षिणी त्रिपुरा में तैनात थे। 7 मई 1997 को आतंकवादियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। देश उनके बलिदान को सदा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि आज हम सब देश के सैनिकों व अर्ध सैनिकों की बदौलत ही अमन चैन वह सुख की सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैनिक व अर्धसैनिक बलों का पूरे विश्व में बड़ा स्थान है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने सैनिकों और अर्ध सैनिक बलों के लिए अनेक योजनाएं बनाई हैं जो बहुत ही लाभदायक है। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार के अलावा प्रदेश सरकार ने भी अर्धसैनिक बलों के अनेक अवार्ड दिए हैं । पहली बार मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अर्ध सैनिकों के लिए अलग से मंत्रालय का गठन कर उन्हें जिम्मेवारी सौंपी है। पैरामिलिट्र सीआरपीएफ व बीएसएफ के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई है उनके लिए अवार्ड बढ़ाए हैं । विकलांग होने पर उनको अलग से अवार्ड देने की सरकार ने नीति बनाई है। हरियाणा सरकार ने मिलिट्री के सैनिकों के बराबरी पैरामिलिट्री के सैनिकों को अवार्ड देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि मिलिट्री की तरह ही पैरामिलिट्री के लिए भी कर्नल स्तर के एक अधिकारी की नियुक्ति कर जिले में एक सैनिक सदन बनाया है जो मूलभूत सुविधाओं से युक्त है। उन्होंने कहा कि नारनौल के साथ-साथ प्रदेश में 6 सैनिक सदन बनाए गए हैं तथा धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में सैनिक सदन बनाए जाएंगे जहां पर मिलिट्री की तरह अर्ध सैनिक बलों की समस्याओं का व उनकी परिजन की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि बहुत ही हर्ष और गर्व की बात है कि शहीद नरेश कुमार की पुण्यतिथि पर उनके परिजनों व ग्रामीणों ने प्रतिभावान लोगों को अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि आज शहीद नरेश कुमार की आत्मा जहां भी होगी उन्हें इस बात का सुकून मिल रहा है कि उनकी जन्मस्थली पर उनकी शहादत के दिन अपने अपने क्षेत्र में प्रतिभावान कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जा रहा है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने कुंड पर हुए कार्यों का किया लोकार्पण

**जिला पंचायत वार्ड 17 की सदस्य गुड्डी शर्मा ने जिला पंचायत निधि से कुंड की खुदाई, रैंप, पाथ वे, इंटरलॉकिंग, सीमेंट चेयर, स्ट्रीट लाइट आदि विकास कार्य कराए हैं**

**मथुराः जिला पंचायत** अध्यक्ष किशन सिंह, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ने सहार में स्वामी बाबा कुंड के 46 लाख रुपए के सौंदर्यीकरण के कार्यों का लोकार्पण शिलान्य किया। स्वामी बाबा कुंड दिव्य और सुंदर बनाने के लिए जिला पंचायत वार्ड 17 की सदस्य गुड्डी शर्मा ने जिला पंचायत निधि से कुंड की खुदाई, रैंप, पाथ वे, इंटरलॉकिंग, सीमेंट चेयर, स्ट्रीट लाइट आदि विकास कार्य कराए हैं। रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष महादेव शर्मा, समाजसेवी महावीर शर्मा सहार स्थित स्वामी बाबा कुंड पहुंचे। ग्रामीणों ने उनके आगमन पर बैंड बाजे बजाकर और पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरांत किशन सिंह और महादेव शर्मा ने 46 लाख रुपए के अनुमानित लागत से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया। महादेव शर्मा ने बताया वार्ड 17 की जिला पंचायत सदस्य गुड्डी शर्मा ने अपनी निधि से 46 लाख रुपए खर्च कर विकास कार्य कराए हैं। मुरारी लाल शर्मा, छिद्दी लाल शर्मा, मंगला चरण सैनी, राधा किशन सेठ, प्रताप सिंह राणा, ओम प्रकाश वर्मा, राम कटोरा रिसीवर दाऊजी मंदिर, जेई राम गोपाल आदि उपस्थित थे।

## बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**गोवर्धन** क्षेत्र में सोंख रोड पर स्थित मेहमतपुर गांव के समीप बाइक सवार युवक मुरारी पुत्र मोहन सिंह उम्र करीब 36 वर्ष निवासी बछगांव थाना मगोर्रा का रहने वाला हुआ रोड हादसे का शिकार।बाइक सवार युवक मुरारी किसी कार्य से गोवर्धन आया था।कार्य करके गोवर्धन से अपने गांव वापस जा रहा था कि मेहमतपुर गांव के समीप बाइक सवार युवक किसी अज्ञात वाहन का शिकार हो गया।जहां स्थानीय लोगो की मदद से बाइक सवार युवक मुरारी को गोवर्धन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने जांच कर युवक को मृत घोषित कर दिया।तो वही सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस और परिजन भी पहुँच गए।थाना पुलिस द्वारा युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## समिति ने बेसहारा पशुओं व पक्षियों पानी के लिये फ्री बांटी खोर व कसोरें

### सभी व्यक्तियों को गर्मी के मौसम में अपने घरों के बाहर खोर व छत पर कसोरे में रखे पीने का पानी: कादियान

**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया।**
**कामधेनु उपचार** सेवा समिति के सदस्यों ने आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर में घुमने वाले बेसहारा पशुओं के पानी के लिये कई दर्जन खोर और पक्षियों के पीने के पानी को लेकर करीब 1000 बाउल यानि कसोरे स्थानीय लोगों को निशुल्क वितरीत किये गये। कार्यक्रम में आर्य बाल भारती



स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान एडवोकेट, पूर्व मेयर भूपेंद्र सिंह और वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संस्था के प्रधान राहुल गोयल ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का स्वागत किया। आर्य रणदीप कादियान ने कहा कि गर्मी के मौसम में सभी व्यक्ति अपने घर के बाहर खोर में पानी भर कर रखे ताकि कोई बेसहारा पशु पानी पी सके और घर की छतों पर कसोरे रखे, जिनमें पक्षी पानी पी सके। इस अवसर पर समिति सदस्यों में रिंकू आर्य, अमित दहिया, गौरव, मोहित, अमन, दीपक, दीपांशु, आकाश, तुषार, राकेश, परवीन, सूरज, साहिल, विकास, रूबी, अनुराधा, प्रियंका व सोनम आदि मौजूद रहे।

# किसान खेत मजदूर संगठन ने बृजभूषण का पुतला फूंका

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।**
**ऑल इंडिया** किसान खेत मजदूर संगठन के तत्वाधान में जंतर मंतर पर बैठे महिला पहलवानों पर भाजपा सांसद बृजमोहन द्वारा प्रताड़ित करने तथा दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के विरोध में सोमवार को महावीर चौक पर सांसद का पुतला फूंका। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सत्यवान ने जंतर मंतर पर कुश्ती संघ के अध्यक्ष, बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी व न्याय हित में तमाम पदों से हटाने? की मांग को लेकर जारी महिला खिलाडियों के धरने को पूरा समर्थन देने हुए संगठन ने देशव्यापी जोरदार आन्दोलन संगठित करने की घोषणा के तहत आज नारनौल में



महिला खिलाडियों को न्याय दिलाने और बृजभूषण सिंह के गिरफ्तारी की मांग को लेकर लिए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के सामने एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक पर पहुंचकर बीजेपी सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष ब्रजभूषण सिंह का पुतला पुतला दहन किया। प्रदर्शन में भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा सम्बन्धित एआईयूटीयूसी जिला कमेटी महेन्द्रगढ़ भी शामिल रहा । प्रदर्शन की अगुवाई एआईकेकेएमएस जिला प्रधान कामरेड बलबीर सिंह ने की । इस मौके पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान कामरेड बलबीर सिंह ने कहा कि महिला खिलाड़ी केवल अपने लिए मेडल नहीं लाती बल्कि देश के लिए लाती है । खिलाड़ी मेडल लेकर आता है वह देश के लिए लाता है। वह ना किसी प्रांत का होता है, ना किसी जाति- धर्म का होता है। ये देश की बेटियां हैं, इनको न्याय मिलने से हजारों बेटियों के लिए खेलों में कैरियर बनाने का रास्ता खुला रहेगा अन्यथा कोई मां बाप अपनी बेटियों को कुश्ती समेत अन्य खेलों में नहीं भेजेगा। एआईकेकेएमएस जिला सचिव व्रतपाल सिंह व भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा के जिला प्रधान सीताराम ने कहा कि बीजेपी, सरकार और उसका पिट्ठू प्रशासन अपराधी को बचाने के लिए अपराध के साथ खड़े है , यह खतरनाक है। आम आदमी सरकार से न्याय मिलने की अपेक्षा करते है परंतु यहां सरकार ही अपराधी को शह दे रही है। सरकार और अपराधी एकजुट हो रहे है। ऐसे में हमारा इन्सानी फर्ज. पुकार रहा है कि हम सब एकजुट होकर खिलाड़ी बेटी पहलवानों के साथ खड़े हो और उन्हें न्याय दिलाने के लिए आगे आए। सभी संगठनों से जुड़े नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग कि है की सबसे पहले बृजभूषण सिंह को बर्खास्त करे, उसे गिरफ्तार कर जेल में डाले, उसके बाद महिला पहलवानों के साथ की गई छेड़छाड़ की घटनाओं की व्यापक रूप से उच्च स्तरीय न्यायिक जांच करें। महिलाओं के साथ हो रही छेड़छाड़ व अपराधों पर पूर्ण रोक लगाए।

# परफॉर्मेंस ग्रांट के कार्यों पर बिठाई जांच, सचिव निलंबित

**चयनित छह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश सीडीओ मनीष कुमार मीणा को दिए**

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**
**गोवर्धन** की अडींग ग्राम पंचायत में परफार्मेंस ग्रांट से बनाए जा रहे स्टेडियम के निर्माण कार्य में धांधली को लेकर डीएम पुलकित खरे संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली से बेहद नाराज हैं। परफॉर्मेंस ग्रांट के कार्य के लिए चयनित अधिकारियों पर कार्रवाई की तलवार लटका दी है। डीएम पुलकित खरे की कार्रवाई से अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। 2016 -17 में पंचायती राज विभाग ने उत्तर प्रदेश की 73 ग्राम पंचायतों को नगर पंचायतों की तर्ज पर समृद्ध और आत्म निर्भर बनाने के लिए चयनित किया था। जिसमें मथुरा जिले की पांच ग्राम पंचायत पैगांव, अडींग, तोष, ततरौता, नगला हुमायू देह को परफॉर्मेंस ग्रांट में शामिल किया गया। अडींग ग्राम पंचायत के कार्यों के लिए 3721.38 लाख रुपए की धन राशि स्वीकृत हुई थी। अडींग में परफॉर्मेंस ग्रांट से कराए जा रहे विकास कार्यों में जिला पंचायत राज अधिकारी की लापरवाही से अनियमितताएं बरती गईं। हाल ही में स्टेडियम के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री पीला ईंट और चुनाई में सीमेंट की बजाए रेता के उपयोग से आहत ग्रामीणों ने निर्माण कार्य पर सवाल खड़े कर दिए। अधिकारियों की लापरवाही से बेहद नाराज हुए। रविवार को ही उन्होंने पंचायत सचिव थान सिंह को निलंबित कर परफॉर्मेंस ग्रांट के कार्यों के लिए चयनित छह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश सीडीओ मनीष कुमार मीणा को दिए।

## संपादकीय

# आचार्य महावीर द्विवेदी और 'सब तज, हरि भज'

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 159वीं जयंती नौ मई को है। यह हिंदी के प्रथम आचार्य को शत-शत नमन करने का दिन है। यह उनके ध्येय वाक्य 'सब तज, हरि भज' का मर्म समझने का भी है । हिंदी की इस मसल का असल भावार्थ नहीं है लेकिन हिंदी के प्रथम आचार्य माने गए महावीर प्रसाद द्विवेदी के लिए इस मसल के मायने सब काम-धाम छोड़ सिर्फ माला फेरना नहीं है। उनकी जीवन चर्या में ईश पूजा कभी शामिल नहीं रही। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस और बृजवासी दास के ब्रजविलास ग्रंथों पर उनका बचपन से अनुराग अवश्य रहा। कर्मयोगी आचार्य द्विवेदी के लिए 'सब तज, हरि भज' मसल नहीं आदर्श वाक्य है। सूत्र है, अपना काम निष्ठा, लगन और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित करने वाला। दो मई 1933 को काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा अभिनंदन ग्रंथ प्रदान करने के वक्त दिए गए अपने 'आत्म निवेदन' में वह कहते हैं -'रेलवे की नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की पर मैंने सबको अपनी कृतज्ञता की सूचना दे दी और लिख दिया कि अभी मुझे आप के साहाय्यदान की विशेष आवश्यकता नहीं। मैंने सोचा अव्यवस्थित चित्त मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रहता है। क्यों न मैं अंगीकृत कार्य ही में अपनी सारी शक्ति लगा दूं? प्रयत्न और परिश्रम की बड़ी महिमा है। अतएव 'सब तज, हरि भज' की मसल को चरितार्थ करता हुआ इंडियन प्रेस के प्रदत्त काम ही में मैं अपनी शक्ति खर्च करने लगा।' उन्होंने अपना सारा जीवन संपादन और भाषा सुधार में खपा दिया। व्याकरण सम्मत भाषा निर्माण के लिए उनके अपने समय के लेखक- संपादक से 'लट्ठम-लट्ठ' के एक नहीं कई किस्से चर्चित ही हैं। ऐसा ही एक चर्चित किस्सा भारत मित्र के संपादक बालमुकुंद गुप्त और आचार्य द्विवेदी के बीच अस्थिर एवं अनस्थिर शब्द को लेकर हुए वाद-विवाद का है। यह विवाद बरसों चला। उस पर विस्तार की जरूरत नहीं। अनस्थिर शब्द की प्रामाणिकता पर आचार्य द्विवेदी ने 21 अक्टूबर 1927 को एक लंबा लेख लिखा। लेख का यह अंश कम लोगों ने ही पढ़ा होगा-'कुछ लोगों ने अनस्थिरता को अशुद्ध और अस्थिरता को शुद्ध बताया था। अनस्थिरता हिंदी भाषा का वैसा ही शब्द है जैसा अनगिनत, अनबन, अनबोला अनमोल आदि। परंतु यदि अनस्थिरता संस्कृत भाषा का शब्द माना जाए तो संस्कृत व्याकरण के अनुसार भी वह शुद्ध ही है। यथा, न विद्यते अस्थिरं यस्मात तत अनस्थिरं, तस्य भावः अनस्थिरता। अर्थात जिससे बढ़कर अस्थिर वस्तु और कोई है ही नहीं, उसे अनस्थिर कहना चाहिए। उसी से अत्यंत अस्थिर का भाव सूचित होता है। ऐसे कई प्रयोग संस्कृत भाषा में पाए जाते हैं। देखिए, गंगातीरमनुत्तमं ही सफलं तत्रापि काश्युत्तमा-यह एक प्रसिद्ध श्लोक का पहला चरण है। इसमें अनुत्तम शब्द का अर्थ अत्यंत उत्तम है। विवादियों ने अपनी अज्ञानता के कारण इस शब्द को अशुद्ध बताकर व्यर्थ ही अपना और दूसरों का समय नष्ट किया था। (आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के श्रेष्ठ निबंध संपादक विनोद तिवारी पृष्ठ 128) इस विवाद का पटाक्षेप भी नाटकीय तरीके से हुआ। काशी नागरी प्रचारिणी सभा की तीखी आलोचना से व्यथित होने वाले केदारनाथ पाठक भी विनम्र व्यवहार देखकर द्विवेदी जी के मुरीद हो गए थे।

# महान योद्धा थे महाराणा प्रताप

**रमेश सर्राफ धमोरा**

> “महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी। 18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी”

**महाराणा** प्रताप मेवाड़ के शासक और एक ऐसे महान वीर योद्धा थे जिन्होंने कभी मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नही की। महाराणा प्रताप जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे और कभी हार नही मानी। उनका जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चित्तोड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चित्तोड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चित्तोड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चित्तोड़गढ़ जाने से मना कर दिया। गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला। 1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चित्तोड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चित्तोड़गढ़ को पुनः



देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चित्तोडगढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया। महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया।

महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी। 18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी।

लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे। इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्व के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था। इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने मुल्क मालवे से दण्ड के 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर सारे राज्य में शांति व्यवस्था कायम की। महाराणा प्रताप कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरासा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधू हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नो में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

## कविता

### इन्द्रराज दिलाए दोस्त

इंद्र देव सा राज भी मिल जाए
गुल-पोश बनाए जीवन अनमोल
जब एहसास जीने का करवाए दोस्त !
रेत के घरोंदों में मुबहम हो राहें
मँजिल जब हो कोसों दूर
रास्ता दिखाए इक अच्छा दोस्त !
तनाव के भुजन्गों से लिपटा जीवन
महक वृक्ष चंदन भी भूल जाए
प्यासे जीवन में महक का
एहसास करवाए सच्चा दोस्त !
कस्तूरी से मृग रहे जब बेखबर
मन विचरे इधर-उधर
भीतर बसती खुशबू का
राज बताए सच्चा दोस्त !
पंख लगे हों बदन पर बेशक
उड़ने को हो किन्तु लाचार
भरोसा नभ पर उड़ने का
मन में जगाए सच्चा दोस्त !
इंद्र देव सा राज भी मिल जाए गर
तपस्या से सींचा जाए जीवन
ख़्वाबों का एवान दिलवाए
खुशहाली लाए सच्चा दोस्त !

मुनीष भाटिया

# घाटी की वादियों में दाखिल होंगे दुनिया के दिग्गज!

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर यह प्रसिद्ध है कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक वह इलाका है, जो स्वर्ग या जन्नत के रूप में जाना जाता है। और हर किसी की यह अभिलाषा रहती है कि एक बार जम्मू-कश्मीर की वादियों से जरूर होकर आएं पर एक जमाना था, वहां भारी आतंकवाद के चलते कोई जा नहीं सकता था परंतु अगस्त 2019 में केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटा दिया था। जिसे संसद के दोनों सदनों में पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अनुच्छेद 370 रद्द हो गया था और इसे दो अलग अलग हिस्सों में विभाजित कर उसे केंद्रशासित प्रदेश घोषित कर दिया गया था जो अब जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के रूप में जाने जाते हैं। चूंकि जी20 का पर्यटन सम्मिट श्रीनगर में होने की घोषणा की गई है, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, कश्मीर घाटी की वादियों में दाखिल होंगे दुनिया के दिग्गज !साथियों बात अगर हम श्रीनगर में 22-25 मई 2023 को होने वाले सम्मिट की करें तो कश्मीर घाटी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पर जी-20 बैठक की मेजबानी करेगी,जिसमें श्रीनगर बैठकों का मुख्य स्थान होगा। हालांकि विशेष बलों और ड्रोन रोधी तकनीक के साथ हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है लेकिन सुरक्षा कारणों से मुख्य स्थल की घोषणा नहीं की गई है। मीडिया में आया है कि चीन को छोड़कर जी20 के सभी देशों के प्रतिनिधि 23 मई को श्रीनगर में पर्यटन के कार्यकारी समूह की बैठक में भाग लेंगे। जी20 के प्रतिनिधि 22 मई को श्रीनगर पहुंचेंगे और 23 मई को बैठक होगी। 24 मई को प्रतिनिधियों को प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। दूसरे देशों से आए प्रतिनिधियों को घाटी के दर्शन कराए जाएंगे जिसमें डल झील,शिकारा की सवारी दाचीगाम वन्यजीव अभ्यारण्य और गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट शामिल है, इसके बाद प्रतिनिधियों का 25 मई को नई दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है, हालांकि सुरक्षा कारणों से सटीक यात्रा कार्यक्रम को गुप्त रखा गया है। साथियों बात अगर हम सुव्यवस्था और सुरक्षा की करें तो जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक की मेजबानी करने की तैयारी में सरकार और लोग समान रूप से भाग ले रहे हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है, तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीनगर को एक वैश्विक शहर के रूप में केंद्र स्तरपर लाने और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रीनगर के निवासी शहर के कायाकल्प के लिए सरकार के सभी प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद वे शिकायत नहीं कर रहे हैं। लोग सहयोग कर रहे हैं क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनका शहर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो श्रीनगर को वैश्विक महत्व के पर्यटन केंद्र में बदल देगा।

## विचार

# आखिर कब तक उड़ता रहेगा यह उडन ताबूत?

**अमरपाल सिंह वर्मा-**

**वायुसेना** का एक और मिग-21 लड़ाकू विमान आज सुबह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बहलोलनगर गांव के पास क्रेश हो गया। सौभाग्य से विमान का पायलट बच गया लेकिन हादसे की वजह से गांव की तीन महिलाओं की जान चली गई। क्रेश होने के बाद यह विमान एक मकान पर गिरा, जिससे इन महिलाओं को जान से हाथ धोना पड़ा। मिग-21 के क्रेश होने की इस घटना के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि उडन ताबूत कहा जाने वाला यह लड़ाकू विमान आखिर कब तक उड़ता रहेगा और कब तक हम इस तरह के हादसों को होते देखते रहेंगे? हमारी वायुसेना के के लिए मिग-21 विमान 1960 में तत्कालीन सोवियत संघ से खरीदे गए। इन विमानों को 1963 में वायुसेना में शामिल किया गया। एक जमाना था, जब हम मिग-21 को गर्व से फौज की रीढ़ कहते नहीं थकते थे। सन 1971 की जंग में मिग-21 का योगदान अविस्मरणीय है। उस समय मिग-21 ही था, जिसने दुश्मन के लड़ाकू विमानों को करारी मात दी पर पिछले तीन दशक से जिस तरह इसके हादसे बढ़े हैं, तब से इसकी उपादेयता पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। इसे न युद्ध के लिए मुफीद माना जा रहा है और न नियमित प्रशिक्षण उड़ान के काबिल। इसकी वजह मिग-21 के लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना है। मिग-21 इतनी ज्यादा बार क्रेश हुआ है और इसकी वजह से हमारे इतने अधिक जांबाज जवानों की शहादत हुई है कि अब इसकी पहचान उड़ते ताबूत के रूप में स्थापित हो चुकी है। हनुमानगढ़ जिले में आज हुआ मिग-21 हादसा कोई नई बात नहीं है। मिग-21 के क्रेश होने की घटनाएं इतनी आम हो चुकी हैं कि जब भी एयरफोर्स के किसी फाइटर प्लेन के क्रेश होने की खबर आती है तो आम आदमी भी कह उठता है-मिग-21 ही गिरा होगा। सवाल उठता है कि आखिर इस तरह की परिस्थिति क्यों पैदा हुई है? जवाब है मिग-21 के बार-बार क्रेश होने की घटनाएं। पिछले पांच दशक में चार सौ से अधिक मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो कर जमींदोज हो चुके हैं और इसकी कीमत देश को दो सौ से ज्यादा जांबाज पायलटों को खोकर चुकानी पड़ी है। हादसों में करीब पचास नागरिकों की मौतें भी हुई हैं। विमानों के साथ हादसे का डर हमेशा बना रहता है। दुनिया भर में विमान हादसे होते रहते हैं लेकिन मिग-21 जिस प्रकार हादसों का पर्याय बना हुआ है, वह चिंताजनक है। सन 2012 में तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंथनी द्वारा संसद में दिए बयान पर गौर करें तो रूस से खरीदे गए 872 मिग विमानों में आधे से ज्यादा हादसे का शिकार हो चुके हैं। यह आंकड़ा तो वर्ष 2012 का है, इसके बाद तो अनेक हादसे और हो चुके हैं।

1960 में भारत ने मिग-21 विमान तत्कालीन सोवियत संघ से खरीदे थे। वहां 1985 में ही इन विमानों को सेना से हटा दिया गया। इसके उपरांत अफगानिस्तान और बांग्लादेश भी इसे रिटायर कर चुके हैं। हमारे यहां इन विमानों को नब्बे के दशक में रिटायर किया जाना था लेकिन इन्हें अभी तक इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारी वायुसेना मिग-21 विमानों को अपग्रेड करके इस्तेमाल कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हमारी वायुसेना मिग-21 को इसलिए रिटायर नहीं कर पा रही है क्योंकि इसके बदले में उसे जितने विमानों की जरूरत है, वह उसके पास नहीं है। हालांकि वायुसेना में नए विमान शामिल किए जा रहे हैं मगर उनकी तादाद में अपेक्षित संख्या से कम है। बीबीसी की एक रिपोर्ट पर भरोसा करें तो पायलट मिग विमानों के कुछ मॉडल्स में दिक्कतों के बारे में निरंतर शिकायत करते हैं। शिकायतों के अनुसार इनकी लैंडिंग बहुत तेज होती है एवं इनकी कॉकपिट विंडो ऐसी है कि उससे पायलट को रनवे ढंग से नजर ही नहीं आता। फिर इनका सिंगल इंजन होना सर्वाधिक खतरे की घंटी है। परिंदों के टकराने से मिग-21 के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका अधिक रहती है। इसका इंजन अक्सर उड़ते समय फेल हो जाता है। इसका परिणाम मिग-21 के क्रेश होने के रूप में सामने आता है। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में आज सुबह हुआ मिग-21 हादसा इसका ताजा उदाहरण है। सरकार की योजना है कि मिग-21 को चरणबद्ध तरीके से 2025 तक वायुसेना के बेड़े से बाहर कर दिया जाए लेकिन बड़ा सवाल यह है कि तब तक न जाने और कितने मिग-21 जमींदोज हो चुके होंगे और न जाने हमें कितने जांबाज पायलट को शहीद होते हुए देखना पड़ेगा?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा

**रवि रंजन**

**वर्ष** 2023 में भारत की शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता का विषय 'शंघाई सहयोग संगठन को सुरक्षित करना' है। भारत इस क्षेत्र में बहुपक्षीय, राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को प्रोत्साहन देने में शंघाई सहयोग संगठन को विशेष महत्व देता है। शंघाई सहयोग संगठन के साथ चल रहे संपर्क ने भारत को उस क्षेत्र के देशों के साथ अपने संबंधों को प्रोत्साहन देने में सहायता की है जिसके साथ भारत ने सभ्यतागत संबंध साझा किए हैं, और इसे भारत का विस्तारित पड़ोस माना जाता है। शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने, सभी सदस्य देशों की समानता और उनमें से प्रत्येक की राय के लिए आपसी समझ और सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर अपनी नीति का पालन करता है। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर शंघाई सहयोग संगठन विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष में सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना का निर्माण किया गया है। फ्अळर क्षेत्र में आतंकवाद को रोकने और इससे मुकाबला करने के लिये खुफिया जानकारी की साझेदारी, संयुक्त अभ्यासों एवं अभियानों के आयोजन और कार्रवाई के समन्वयन के लिये एक मंच प्रदान करता है। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों, पर्यवेक्षकों और भागीदारों के समग्र सांस्कृतिक धरोहर में 207 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल शामिल हैं। शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों ने एक रोटेटिंग पहल के तहत हर साल शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों के किसी एक शहर को पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में नामित करने का निर्णय लिया है।

इस क्रम में काशी (वाराणसी) को शंघाई सहयोग संगठन की पहली सांस्कृतिक राजधानी के रूप में नामित किया गया है। शंघाई सहयोग संगठन के आठ सदस्य देश वैश्विक आबादी के लगभग 42% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 25% का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं।

# आपसे नहीं हो पाएगा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

"**आप रहने** ही दीजिए। आपसे नहीं हो पाएगा। भैया जी आज के जमाने में लोगों को ज्ञान देने के लिए उन्हें अज्ञानी बनाना जरूरी है। केवल वाट्सप ग्रुप बनाकर एडमिन बने रहने से सिर्फ घांस छील पाओगे। ऐसा करते रहोगे तो समझो हो गया, कारवाँ गुजर जाएगा और आप गुबार में ही फसें रहोगे। टुकड़ों में यहाँ-वहाँ से बटोरने से कुछ नहीं होता। यह फेंकू ज्ञान है। असली ज्ञान से भी ज्यादा कीमती। असली ज्ञान की तथ्यता स्त्रोतों, संदर्भों, इंटरनेट से सिद्ध हो जायेंगे। लेकिन फेंकू ज्ञान को जलेबीदार उलझाऊ बातों से सिद्ध करना पड़ता है। समझे बरखुरदार! मैं और मेरे जैसे अनेक बंधु ताजमहल, ज्ञानवापी, कुतुब मीनार, जामा मस्जिद, लाल किला देखकर लौट भी आये और अब खुदाई करने वालों सहित सब को अपना ज्ञान रोजाना परोस रहे हैं और आप यहीं व्यंग्य जैसी बेकार चीज लिख रहे हैं। आपने कल देखा नहीं कि ऊधर खोजी लोग ज्ञानवापी पहुँचे कि नहीं इधर ज्ञान की सहस्त्रधारा चहुँ ओर बह निकलीं थीं।" बिअंग भैया जैसे व्यंग्यकार के भीतर से व्यंग्य का कीड़ा निकालने की कसम खाए फेंकूराम ने कहा- "हम वॉट्सऐपियों ने ही बताया कि ज्ञानवापी के तहखाने में शिवलिंग दैदीप्यमान की तरह चमक रहा है। एक से बढ़कर एक छवियाँ क्रॉप करके धड़ल्ले से पोस्ट कर डाले। सामने वाले की गैलरिया चुटकियों में फुल कर डाले। वह ससुरा इसी में उलझा रहेगा कि तस्वीरें देखें या गैलरी साफ करे। किसी की जगह पर कोई दूसरा कुछ बनाएगा तो खोजबीन होगी ही। आगे तेजोमहल का भी यही हाल होने वाला है। सारा इतिहास हम अपने व्हाट्सप में धरकर चलते हैं। ज्ञानवापी से शिवलिंग की ली गयी पहली तस्वीर को खोजियों को प्राप्त करने, देखने और जारी करने के पहले ही हम व्हाट्सपवीरों ने उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था। सारी दुनिया जैसा करती है, वैसा आप भी किया करो बिअंग भाई। जानते नहीं, हाथी के दाँत दिखाने के कुछ और तथा खाने के कुछ और होते हैं। भीड़ तंत्र का हिस्सा बनो भीड़ तंत्र का। गधा भी अपने को कभी गधा नहीं बोलता, वह चुप रहने के बजाय मौका मिलते ही अपने को घोड़ा साबित करने पर तुल जाता है चाहे उसका ढेंचू-ढेंचू पसंद किया जाये या न किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### HistoryTV18 की बेहद कामयाब डिजिटल-फर्स्ट सीरीज

**नई दिल्ली।** इंडिया के मशहूर ट्रैवेलर और फूड व्लॉगर रॉकी सिंह एक बार फिर निकल पड़े हैं HistoryTV18 की डिजिटल सीरीज #RoadTrippinWithRocky के नए सीजन में ऐतिहासिक जगहों, खूबसूरत दृश्यों और जायकेदार लोकल व्यंजनों से भरपूर उत्तर भारत के सफर पर। आप रॉकी के साथ दिल्ली से श्रीनगर की इस मजेदार ट्रिप का मजा 6 मई से 18 मई तक HistoryTV18 और @RockyandMayur के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर उठा सकते हैं और जान सकते हैं कुछ सीक्रेट खाने की जगहों से लेकर लोकल हॉटस्पॉट्स के बारे में। गर्मियों की छुट्टियाँ बिताने का इससे बढ़िया तरीका और क्या हो सकता है! अपने घर यानी कि राजधानी नई दिल्ली से शुरू करते हुए रॉकी हरियाणा में करनाल और पंजाब में जालंधर से होते हुए गर्मी से राहत पाने के लिए जम्मू पहुँचेंगे। जम्मू से बढ़ेंगे बनिहाल की ओर जहां रास्ते में पीरा मोहर के मशहूर राजमा चावल और पहलगाम में पारंपरिक वाजवान का स्वाद चखेंगे। ये खूबसूरत सफर 18 मई को श्रीनगर में खत्म होगा पर उससे पहले होटल अहदूस से झेलम के नजारों में डूबने और खय्याम चौक पर टहलने का प्लान इस ट्रिप को यादगार बना देगा। रॉकी ट्रिप के पहले 3 दिन दर्शकों को दिल्ली एनसीआर का एक अलग अनुभव कराएँगे जहां वो उन्हें गुड़गांव, पश्चिमी दिल्ली और उत्तरी दिल्ली में अपनी पसंदीदा जगहों पर ले जाएँगे। गुरुग्राम में दी घेंट कैफे और संडे चाट भंडार, मायापुरी में खालसा ढाबा से लेकर साकेत में टीबीएसपी तक, रॉकी आपको बताएँगे कि उन्हें ये लोकल जगहें क्यूँ पसंद हैं और आपको यहाँ क्या ऑर्डर करना चाहिए! तो इस शनिवार से दिल्ली एनसीआर में फूडी गाइड बनाने के लिए अपनी नोटबुक तैयार रखिए! सोशल मीडिया पर #RoadTripping सीरीज की सफलता अत्यंत सराहनीय है। हर नए सीजन का बेसब्री से इंतजार करने वाले दर्शक धीरे-धीरे बढ़ते ही जा रहे हैं और सीरीज का डिजिटल-फर्स्ट स्वरूप आधुनिक दर्शकों के साथ पूरी तरह से मेल खाता है जो आज कभी भी, कहीं भी अलग अलग डिजिटल डिवाइस पर छोटे-छोटे वीडियो का आनंद उठाना पसंद करते हैं। सीरीज का ह्यूमर के साथ नई जगहों, नए जायकों और लगभग लाइव अनुभव देना इसकी सफलता का सबसे बड़ा राज है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट, दो काबू

**▶▶ गांव कुंजपुरा में उसकी पुश्तैनी जमीन है और उसने अपनी पुश्तैनी जमीन के साथ लगती कुछ जमीन मोल भी खरीद रखी है**



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना कुंजपुरा** की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट, गाली-गलौच करने व सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
शिकायतकर्ता धर्मेंद्र वासी कुरुक्षेत्र ने गत दिवस थाना कुंजपुरा में एक शिकायत देते हुए बताया कि गांव कुंजपुरा में उसकी पुश्तैनी जमीन है और उसने अपनी पुश्तैनी जमीन के साथ लगती कुछ जमीन मोल भी खरीद रखी है। 7 मई को कुंजपुरा के रहने वाले देवेंद्र, देवेंद्र का लडका राजबीर व रघुविंदर लाठी डंडा लेकर ट्रैक्टर के साथ शिकायतकर्ता के खेत में पहुंच गए और उसके खेत की डोल काट दी और उसका पुश्तैनी खेत बहा दिया। शिकायतकर्ता ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसको मारने की कोशिश की और उसके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस बुलाई और डायल 112 की टीम आरोपी देवेंद्र सिंह वासी कुंजपुरा व उसके ट्रैक्टर को अपने साथ थाने में लेकर आ गई। इस दौरान देवेंद्र सिंह के लडके राजबीर व रघुविंदर मौका से फरार होने में कामयाब हो गए। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना कुंजपुरा में 5 मई को भादंसं की धारा-447, 511, 506, 451, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया।
जब इस संबंध में थाना कुंजपुरा से एएसआई कुलदीप सिंह आरोपी से पूछताछ कर रहे थे तो उसी समय आरोपी देवेंद्र के दोनों लडके राजबीर व रघुविंदर नशे की हालत में थाने में आ गए और आते ही ऊंची-ऊंची आवाज में गाली गलौच करने लगे और कहने लगे कि मेरे बाप को थाने में किसने बुलाया है। किस में इतनी हिम्मत हो गई है। जब दोनों को समझाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने एकदम तैश में आकर पुलिस कर्मचारियों के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। इसी दौरान थाने में मौजूद पीएसआई सुमित कुमार व होमगार्डराममेहर ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ भी गाली गलौच व मारपीट की और इस दौरान आरोपियों ने उनकी वर्दी व कपड़े भी फाड़ दिए। इस संबंध में दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना कुंजपुरा में 7 मई को भादंसं की धारा-332, 353, 186, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी राजबीर के खिलाफ वर्ष 1998 में एक मामला लड़ाई झगड़ा व एक मामला चोरी का दर्ज है। इसके अलावा दूसरे आरोपी रघुविंदर के खिलाफ वर्ष 2011 में एक मामला धोखाधड़ी करने का दर्ज है। आरोपियों को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## रेडक्रॉस का उद्देश्य मानवीय जीवन की रक्षा करना

**पानीपत: बॉटनिकल** गार्डन में अमरूद का पौधारोपित किया गया व जागरूकता रैली निकाली गई। 08 मई,1828 को हेनरी ड्यूनेन्ट का जन्म जेनेवा, स्विट्जरलैंड में हुआ और हेनरी ड्यूनेन्ट ने सन,1863 में जेनेवा में रेडक्रॉस की स्थापना की। रेडक्रॉस का उद्देश्य मानवीय मूल्यों व मानवीय जीवन की रक्षा करना है।आज पूरे विश्व में रेडक्रॉस के कर्मचारियों व सदस्यों की संख्या लगभग 97 मिलियन से अधिक है, जो लगातार मानवता के हित में बिना रुके सेवा कार्यो में कार्यरत है।प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया किअंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज "नशे से नाता तोड़ो - पौधो से नाता जोड़ो" अभियान के अंतर्गत प्रिंसिपल मैडम संजू अबरोल, प्रोफेसर दीप्ति गाबा, डॉ. तकदीर सिंह, अनिल माली व विद्यार्थियों ने बरगद का एम.ए प्रथम वर्ष की छात्रा शिखा जिसका जन्मदिन था,उसके हाथों से पौधारोपित करवाया।

## चार सहायक उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर बने उप निरीक्षक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**जिला** पुलिस के चार सहायक उप निरीक्षकों को पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया। जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय की साइबर सैल शाखा इंचार्ज एएसआई कर्मवीर सिंह, थाना तरावडी में तैनात एएसआई सुलतान सिंह, थाना शहर में तैनात एएसआई रामपाल व पुलिस चौकी सेक्टर-4 में तैनात एएसआई लक्ष्मण सिंह को पदोन्नत करने के आदेश कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक करनाल मण्डल से प्राप्त हुए थे। आदेशों की पालना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने चारों एएसआई को स्टार लगाकर उपनिरीक्षक के पद पदोन्नत किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत हुए उप निरीक्षकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। एसपी ने पदोन्नत हुए उप निरीक्षकों को पूरी मेहनत व लगन से अनुशासन में रहकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## टीम संजय अग्रवाल एवं युवा इकाई से वार्ड 18 के प्रधान घोषित




**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**शहरी विधानसभा** के कांग्रेस कार्यालय में टीम संजय अग्रवाल एवं युवा टीम संजय अग्रवाल से वार्ड नंबर 18 के प्रधान पद पर नियुक्ति की गई। पानीपत शहरी विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल द्वारा टीम संजय अग्रवाल से वार्ड नंबर 18 के प्रधान पद पर लक्षित खुराना और युवा टीम संजय अग्रवाल से अनिकेत सैनी उर्फ अक्की को वार्ड 18 से प्रधान पद की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल द्वारा दोनों प्रधानों लक्षित खुराना एवं अनिकेत सैनी को लेटर देकर पद सौंपा। वहीं कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल ने बताया कि जिस प्रकार से आज पानीपत के अंदर मौजूदा सरकार द्वारा दिन-रात भ्रष्टाचार किया जा रहा है। ऐसे में युवाओं से झूठे वादे करके फैलाया जा रहा है। जिससे तंग आकर सैकड़ों की संख्या में युवा साथी कांग्रेस पार्टी में अपनी आस्था दिखा रहे हैं। वह दिन दूर नहीं है जब देश व प्रदेश के अंदर कांग्रेस पार्टी की सरकार होगी। युवाओं के पास फिर से रोजगार होगा ।हर घर खुशियां ली होगी। वही टीम संजय अग्रवाल से वार्ड 18 का प्रधान बनने पर लक्षित खुराना एवम् अनिकेत सैनी ने बताया कि जिस प्रकार से जो भी जिम्मेदारी मुझे दी गई है। मैं इस पर पूर्ण रूप से कार्य करूंगा। पानीपत के अंदर कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी संजय अग्रवाल को मजबूत करने का कार्य सदैव करते रहेंगे। बहुत जल्दी वार्ड नंबर 18 टीम संजय अग्रवाल एवं युवा टीम संजय अग्रवाल की पूरी इकाई को खड़ा किया जाएगा। ताकि कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल को पानीपत शहरी विधानसभा पर मजबूत कर सके। इस दौरान टीम संजय अग्रवाल से जिला प्रधान राहुल शर्मा, कांग्रेस सेवा दल से शहरी जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा,अंकित गहलोत,गौतम अग्रवाल, प्रिंस लठवाल,अभिषेक सैनी,संदीप सैनी , गोविंद शर्मा आदि साथी मौजूद रहे।

## ट्रांसफार्मर चोर गिरोह का पांचवां आरोपी भी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम द्वारा ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के पांचवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के कब्जे से 5.5 किलोग्राम तांबा क्वाइल बरामद की गई हैं।
पुलिस टीम द्वारा पांचवे आरोपी सुलतान उर्फ निर्जा उर्फ साहिल पुत्र सहजादीन उर्फ सहजाद वासी गावं मोरी जिला यमुनानगर को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। आरोपी ने कुछ दिन पहले ही करनाल पुलिस के दबाव के कारण थाना इन्द्री के ट्रांसफार्मर चोरी के एक मामले में न्यायालय करनाल में आत्म समर्पण कर दिया था। इसके बाद से आरोपी जेल में बंद चल रहा था। आरोपी की निशानदेही पर आरोपी के कब्जे से 5.5 किलोग्राम तांबा क्वाइल बरामद किए गए है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस मामले में चार आरोपियों बिलाल वासी गांव मौडी जठलाना जिला यमुनानगर, ताहिर वासी गांव शांहजापुर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, वसीम अकरम वासी दौलतपुर थाना गंगोह जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश व अमजद उर्फ बग्गी पुत्र इरफान वासी छोटा बांस थाना रादौर हाल मौडी जठलाना जिला यमुनानगर को 18 जून की रात को थाना इन्द्री के गांव अंशू माजरा के एरिया से चोरी की वारदात के अंजाम देते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था।

## खेतों में पड़ा मिला अज्ञात युवक का शव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** में खेतों में सोमवार को एक युवक का शव पड़ा मिला। घटना की सूचना पाकर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और मौके का मुआयना किया।
फिलहाल तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवक का शव सफेदे के पेड़ से कुछ दूरी पर पड़ा हुआ था। युवक की टी-शर्ट सफेदे के पेड़ की टहनी में फंसी हुई थी। ये हादसा है या सुसाइड या फिर हत्या, इस पर पुलिस जांच कर रही है।
पुलिस के जांच अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि एनडीआरआई के गार्ड ने उन्हें ज्चार के खेत में शव पड़े होने की सूचना दी थी।

## फर्जी आईडी से सिम एक्टिवेट करके धोखाधड़ी करने वाला आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना तरावड़ी** की टीम द्वारा एक ऐसे शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की गई है, जिसने ज्यादा मुनाफा कमाने के लालच में फर्जी आईडी पर काफी संख्या में सिम एक्टिवेट करके धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दिया था।
पुलिस टीम द्वारा 4 मई को आरोपी गुरप्रीत सिंह भेदी पुत्र सुखचैन भेदी वासी गर्ग कॉलोनी राजपुरा पटियाला राज्य पंजाब को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर राजपुरा से गिरफ्तार किया गया। इस वारदात के संबंध में वोडाफोन आइडिया टेलीकॉम कंपनी के नोडल ऑफिसर ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना तरावड़ी में एक शिकायत दी। जिसमें उसने बताया कि कुछ अज्ञात आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके काफी संख्या में वोडाफोन आईडिया कम्पनी के मोबाइल नंबर कनेक्शन जारी करके धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया है। इस संबंध में थाना तरावड़ी में 3 मई भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ में आरोपी द्वारा खुलासा किया गया कि वह कुछ महीनों पहले किसी काम से करनाल के गांव चौपड़ी में आया था। उसे तरावड़ी में एचडीएफसी बैंक के पास छतरी लगाकर सिम बेचता हुआ एक व्यक्ति हर्ष वासी तरावड़ी मिला। उसने उसको बताया कि वह वोडाफोन कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर है और सिम बेचता है और आगे भी उसको एजेंट बनाने की कंपनी ने पावर दे रखी है। हर्ष ने आरोपी को बताया कि टाटा, अमेजॉन, वॉक्सवैगन, एशियन पेंट, महिंद्रा, रॉयल इनफील्ड, टीवीएस, बजाज व नैरोलैक आदि कंपनियों की गूगल पर ऐड आती रहती हैं। आप सिम को एक्टिवेट कराकर कंपनियों से लीड फिल करके ओटीपी भरकर ऐड चलाकर वेबसाइट पर ट्रैफिक देकर कमीशन ले सकते हो, इसमें काफी मुनाफा है। जिसके बाद आरोपी ने हर्ष उपरोक्त व एक अन्य आरोपी सौरभ से सस्ते दाम पर ब्लैंक सिम लेनी शुरू कर दी। आरोपी ने पंजाब में अपनी दुकान पर फर्जी आईडी पर अलग-अलग लोगों के फोटो लगाकर करीब 95 सिम एक्टिवेट करवा लिए और उनको अलग-अलग मोबाइल फोन व लैपटॉप आदि में चलाकर ऐड के माध्यम से कंपनी से मोटा कमीशन भी कमा लिया। इस कमीशन में से तीनों आरोपी अपना-अपना हिस्सा बांट लेते थे।

## वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाया विशेष अभियान

### संगीन अपराधियों व गिरोहों का पता लगाकर की जाएगी कड़ी कार्रवाई



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** रेंज में अपहरण, लूट, डकैती, छीनाझपटी, फिरौती व चोरी इत्यादि विभिन्न प्रकार के संपत्ति विरुद्ध अपराधों में संलिप्त दोषियों व आपराधिक गिरोहों का पदार्फाश करने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान का आगाज किया गया है।
करनाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सतेन्द्र कुमार गुप्ता के दिशा निदेर्शानुसार मई माह के दौरान करनाल रेंज के अंतर्गत तीनों जिलों करनाल, कैथल व पानीपत में संपत्ति विरुद्ध अपराधों में संलिप्त दोषियों का पता लगाकर उनकी धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। अपहरण, लूटपाट, डकैती, छीना झपटी, फिरौती, चोरी, वाहन चोरी, पशु चोरी व अन्य संपत्ति विरुद्ध अपराधो पर अंकुश लगाने तथा दर्ज मामलों के वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।
उन्होंने बताया कि इस अभियान की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए रेंज के अंतर्गत तीनों जिलों के सभी पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के संपत्ति विरुद्ध अपराधों में नामजद आरोपियों की सूची तैयार करके उनकी धरपकड़ के लिए शीघ्रता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। रेंज के सभी पुलिस अधिकारियों को संपत्ति विरुद्ध अपराधों में सम्मिलित दोषियों के संबंध में पूर्ण जानकारी जुटाकर आपराधिक गिरोहों का पदार्फाश करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में संपत्ति विरुद्ध अपराधों की पुनरावृत्ति को रोका जा सके।
उन्होंने कहा कि रेंज के विभिन्न थानों में दर्ज संपत्ति विरुद्ध अपराधों में सजा काट चुके दोषियों अथवा जमानत पर आए हुए आरोपियों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाए, ताकि वह भविष्य में किसी अन्य वारदात को अंजाम न दे सकें।

## काछवा नहर के किनारे मिला महिला का पर्स गोताखोर कर रहे तलाश

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**काछवा** नहर पुल के पास पार्क में घर से लापता महिला का पर्स व चप्पलें मिली हैं। महिला के परिजनों ने पर्स की शिनाख्त की है। पर्स से महिला का आधार कार्ड, कुछ खाने का सामान व बस की टिकट मिली है। महिला कल दोपहर से लापता है। वह यहां से कहीं चली गई है या फिर उसने नहर में छलांग लगाई है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। फिलहाल पुलिस ने परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार काछवा पुल के पास पार्क में सुबह लोग सैर कर रहे थे। इस दौरान पार्क में बैठने के लिए बनाई गई कुर्सी पर महिला का पर्स व चप्पल दिखाई दी। महिला को ढूंढते हुए परिवार के लोग भी पार्क में पहुंच गए। पर्स से महिला परमजीत कौर का आधार कार्ड मिला, जो पिंगली रोड की रहने वाली है। वहीं पर्स से कुछ खाने का सामान और बस की टिकट भी मिली। घटना की सूचना पाकर पुलिस की डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पर्स को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। बेटी ने बताया कि कल उसकी मां और वह पार्लर गई थी, लेकिन वह दोनों घर वापस आ गए थे।

## नशे के खिलाफ युवाओं को किया जागरूक




**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**ब्रह्माकुमारीज** ईश्वरीय विश्वविद्यालय व सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अटल पार्क में सैकड़ों लोगों के बीच वक्ताओं ने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। नशा मुक्त भारत अभियान के अग्रज व नवचेतना मंच के संयोजक एसपी चौहान ने नशे जैसी बीमारी को समाज से उखाडने के लिए युवाओं व आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि युवाओं को खुद जागृत होकर नशे के खिलाफ ना केवल खड़े होना होगा, बल्कि इस समस्या के निदान के लिए हरसंभव प्रयास करने होंगे, क्योंकि नशा हमारे देश की जड़ों को खोखला करने का प्रयास कर रहा है। युवाओं का आज का जीवन बहुत संघर्षमय है। वे जीवन के कष्टों के समय में नशे का सहारा ले लेते हैं, जबकि उन्हें इस समय अपने आत्मबल से इस बीमारी से हमेशा के लिए छुटकारा पा लेना चाहिए। मुख्यमंत्री के विशेष प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि नशे के खिलाफ ब्रह्माकुमारीज और एसपी चौहान ने जो ये आंदोलन चलाया हुआ है, इससे समाज खासतौर पर युवाओं को बहुत लाभ होगा। एसपी चौहान का ये मिशन उनके बचपन का मिशन है और वे आज भी इस मिशन को चलाए हैं, जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। नशा बहुत बड़ी मानसिक बीमारी है, इसका बचाव ही इलाज है। इसलिए युवाओं को चाहिए कि वे इस बीमारी से हर हाल में बचें। बीके निर्मल बहन ने कहा कि यदि हमें नशे व तमाम बुराइयों से दूर जाना है तो परमपिता परमात्मा से जुड ?ा होगा। बुरे कामों से बचने की ताकत परमपिता परमात्मा ही देते हैं। बीके उर्मिल बहन ने भी नशे के खिलाफ सभी को प्रेरित किया। रामभूल भाई व सीमा चौहान ने भी अपनी बात रखी। इस मौके पर स्टूडेंटस ने नशे के खिलाफ नाटिका का भी मंचन किया।

# दिल्ली सरकार ला रही प्रीमियम बस योजना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर प्रीमियम बस योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम देश की राजधानी दिल्ली का ट्रांसपोर्ट सिस्टम विश्व स्तरीय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली का ट्रांसपोर्ट सेक्टर दुनिया के सबसे विकसित देशों के बराबर होना चाहिए। दिल्ली में ट्रैफिक बहुत ज्यादा है, क्योंकि निजी वाहन ज्यादा हैं। अगर कार और स्कूटर पर सफर करने वाले लोगों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर ले जाना है तो हमें इसे आरामदायक, सुरक्षित और इसकी टाइमिंग सुनिश्चित करनी होगी। दिल्ली के ट्रांसपोर्ट सेक्टर में सबसे बड़ी क्रांति तब आई थी, जब मेट्रो शुरू हुई थी। मीडिल और अपर मीडिल क्लास अपनी गाड़ियां छोड़ कर मेट्रो से जाना शुरू किया। इससे दिल्ली की सड़कों पर काफी वाहनों की कमी आई थी। लेकिन धीरे-धीरे दिल्ली की सड़कों पर ट्रैफिक काफी बढ़ गया है। मेट्रो खचाखच भर गई हैं। मेट्रो में लोगों को बैठने की जगह नहीं मिलती है और सफर आरामदायक नहीं है। इसलिए काफी लोग वापस अपनी गाड़ियों से सफर करने लगे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में डीटीसी और



क्लस्टर्स की बसें हैं। इन बसों को अधिकतर लोअर मीडिल क्लास के लोग इस्तेमाल करते हैं। दिल्ली में एसी बसें भी हैं, लेकिन उसमें सीट की कोई गारंटी नहीं है। दिल्ली सरकार दिल्ली मोटर व्हीकल्स ऑफ एग्रीगेटर (प्रीमियम बसें) स्कीम 2023 ला रहे हैं। ये प्रीमियम बसें आरामदायक होंगी। दो गुना दो की बसें होंगी। सभी बसें वातानुकूलित होंगी। इनमें वाई फाई, जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन की सुविधा होगी। प्रीमियम बसों में सफर करने के लिए टिकट की बुकिंग एप या वेब आधारित होगी। किराए का भुगतान डिजिटली करना होगी। कोई भी खड़ी सवारी को बस में चढ़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। टिकट लेने वाले लोगों को शर्तियां तौर पर सीट मिलेगी। प्रीमियम बसों के लाइसेंसिंग शर्तों के बारे में बतरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा इसमें तीन साल से पुराने बस को अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रीमियम बस स्कीम के तहत जो भी बसें लाई जाएंगी, वो तीन साल से पुरानी नहीं होंगी। सारी बसें सीएनजी की होंगी।

एक जनवरी 2024 के बाद जो भी बस खरीदी जाएंगी, वो सभी इलेक्ट्रिक की होंगी। इसके तहत एग्रीगेटर को लाइसेंस दिया जाएगा। इसमें उसे कुछ लाइसेंस फीस देनी होगी। वहीं, इलेक्ट्रिक बसें लाने वाले एग्रीगेटर को कोई लाइसेंस फीस नहीं देना होगा। सभी बसों में कम से कम 12 सीटें होनी चाहिए। इससे ज्यादा कितनी भी सीटें हो सकती हैं। एग्रीगेटर को पहले सरकार से लाइसेंस लेना होगा। एक एग्रीगेटर को लाइसेंस मिलने के 90 दिन के अंदर कम से कम 50 बसें चलानी और मेंटेंन करनी होगी। प्रीमियम बसों का एक लोगो, कलर कोड और यूनिफार्म तय किया जा रहा है।

## एग्रीगेटर को बतौर लाइसेंस शुल्क पांच लाख देने होंगे

**ये** प्रीमियम बसें केवल दिल्ली में संचालित होंगी। हर बस में 12 से अधिक सवारियों को बैठने की क्षमता होगी। बस पूरी तरह वातानुकूलित, वाई-फाई, जीपीएस, सीसीटीवी, पैनिक बटन युक्त होगी। बस के अंदर दोनों तरफ दो-दो सीटें होंगी। इसके लिए एग्रीगेटर को 5 साल के लिए लाइसेंस दिया जाएगा। सरकार ने लाइसेंस फी भी तय कर दिया है। इसके तहत नया लाइसेंस लेने के लिए 5 लाख रुपए देने होंगे। लाइसेंस का नवीनीकरण, डुप्लीकेट लाइसेंस लेने और एड्रेस चेंज कराने पर 2500 रुपए बतौर शुल्क देने होंगे। जबकि इलेक्ट्रिक बस लाने वाले एग्रीगेटर को लाइसेंस फीस नहीं देनी होगी। वहीं, एग्रीग्रेटर को लाइसेंस लेने के लिए सिक्युरिटी भी जमा करनी होगी। अगर एग्रीगेटर 100 बस लाना चाहता है तो इसके लिए एक लाख रुपए बतौर सिक्युरिटी जमा करना होगा। इसी तरह, 1000 तब बसें लाने पर 2.50 लाख रुपए और 1000 से अधिक बसें लाने पर 5 लाख रुपए जमा करने होंगे।

### केजरीवाल ने मणिपुर के सीएम से की बात

# मणिपुर से छात्रों को फ्लाइट से लेकर आएगी दिल्ली सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मणिपुर में फंसे दिल्ली के छात्रों को दिल्ली सरकार सुरक्षित राष्ट्रीय राजधानी लाएगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि मणिपुर में दिल्ली के चार छात्र फंसे हुए हैं। आज की टिकट नहीं मिल सकी है, कल उन्हें फ्लाइट से सरकार दिल्ली लाएगी। छात्र अपने हास्टल में हैं और सुरक्षित हैं। केजरीवाल ने इन छात्रों को लेकर वहां के मुख्यमंत्री से भी सोमवार को बात की। केजरीवाल ने कहा कि वहां के सीएम ने हमारे छात्रों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। इस संबंध में सीएम केजरीवाल ने ट्वीट कर जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मणिपुर में फंसे हुए छात्रों से भी बात की है,वे सुरक्षित हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए बुलाई गई सेना और असम राइफल्स ने अब तक लगभग 23 हजार नागरिकों को सफलतापूर्वक बचाया है और उन्हें सैन्य छावनियों में भेजा गया है। रविवार को सेना ने एक बयान में कहा कि बचाव अभियान शुरू होने के बाद से हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है।

**मणिपुर में 23 हजार लोगों ने सैन्य छावनियों में ली शरणः** बता दें कि मणिपुर में हिंसा रोकने के लिए बुलाई गई सेना और असम राइफल्स ने अब तक लगभग 23 हजार नागरिकों को



सफलतापूर्वक बचाया है और उन्हें सैन्य छावनियों में भेजा गया है। रविवार को सेना ने एक बयान में कहा कि बचाव अभियान शुरू होने के बाद से हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, जिसके परिणामस्वरूप कर्फ्यू में ढील दी गई है।

चूड़चंदपुर में सुबह सात से 10 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई है। बयान के अनुसार, सेना और असम राइफल्स के जवानों का प्रयास रंग ला रहा है। सभी समुदायों के नागरिकों को बचाने, हिंसा पर अंकुश लगाने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए जवान 96 घंटों से लगातार काम कर रहे हैं। पिछले 24 घंटों में सेना ने हवाई निगरानी बढ़ा दी है। इंफाल घाटी के भीतर सेना के हेलीकाप्टरों और ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जा रही है।

**अपने लोगों को निकालने में जुटे राज्यः** मणिपुर में भड़की जातीय हिंसा के बाद कई राज्य अपने लोगों को वहां से निकालने में जुटे हुए हैं। रविवार को नगालैंड के 676 नागरिकों को सुरक्षा बलों द्वारा मणिपुर से सुरक्षित निकाला गया। मणिपुर में पढ़ाई कर रहे त्रिपुरा के 208 छात्र अपने राज्य लौट आए हैं। 21 अन्य छात्र इंफाल हवाई अड्डे पर घर लौटने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश ने अपने 100 को वहां से निकाल लिया है। महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, मणिपुर में फंसे राज्य के 22 छात्रों को पहले असम भेजा जाएगा, जहां से उन्हें लाने के लिए विशेष विमान की व्यवस्था की जाएगी।

**बॉक्स**

**कुलदीप सिंह बने सुरक्षा सलाहकार**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के प्रमुख कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार का सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। राज्य

# अक्सा मल्टी एजुकेशन फाउंडेशन के उद्धाटन समारोह में बच्चों की हुई प्रतियोगिता

## अक्सा ने जाकिर खान व परमजीत सिंह पम्मा को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अक्सा** मल्टी एजुकेशन फाउंडेशन की संस्थापक आफरीन उद्धाटन समारोह के उपलक्ष पर बच्चों की डांस प्रतियोगिता का आयोजन हरी नगर में किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जाकिर खान, नेशनल अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, नेशनल अकाली दल महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष भावना धवन



ने बच्चों को संस्था की ओर से प्रमाणपत्र प्रतियोगिता व जीते हुए बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अक्सा ने जाकिर खान व परमजीत सिंह पम्मा को किया सम्मानित। इस अवसर पर जाकिर खान ने अफरीन को बधाई देते हुए कहा बड़ी खुशी की बात है कि उनकी संस्था उन बच्चों के लिए कार्य कर रही है जो देश के आने वाले भविष्य हैं वह आयोग की ओर से हर संभव सहायता करेंगे।

इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि हमें बच्चों की इस प्रकार के कार्यक्रम कराने चाहिए चाहे वह खेल हो या फिर कोई या गीत, संगीत, डांस जैसे कार्यक्रम होने से बच्चों की कला के प्रति बढ़ती है और साथ ही जिस प्रकार बच्चे ऑनलाइन गेम से इस समय जकड़ लिया है कि वह अपनी कला को भूलते जा रहे हैं। आफरीन ने कहा कि वह काफी समय में से झुग्गी झोपड़ी में जाकर बच्चों के साथ कार्य कर रही हैं बच्चों में काफी प्रतिभा है मगर उन्हें कोई भी मौका नहीं देता इसलिए उनकी संस्था अक्सा मल्टी एजुकेशन फाउंडेशन ऐसे बच्चों के टैलेंट को आगे लाने का कार्य करेगी।

इस अवसर पर अतिथि ऊषा निखिल, अंजू शर्मा, धर्म देवी, कंवलजीत कौर (डिंपी) ,सन्नी मल्होत्रा ,अमन मल्होत्रा,तरणदीप ,धर्म देवी, सुनीत, सहर, रेशमा,बिमला, वंशिका, छाया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# यूएस से भारत घूमने आई बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म

## टूरिस्ट गाइड ने दिल्ली-आगरा में दिया वारदात को अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली के विवेक विहार इलाके में अमेरिका की 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है टूरिस्ट गाइड ने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर विवेक विहार थाना पुलिस ने प्राथमिकी पंजीकृत कर 35 वर्षीय आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

**2019 से 2022 के बीच कई बार भारत आई पीड़िताः** पुलिस ने बताया कि पीड़िता वर्ष 2019



से लेकर 2022 के बीच कई बार भारत घूमने आईं। उन्होंने शाहदरा निवासी एक टूरिस्ट गाइड को घूमने के लिए बुक किया था। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। बुजुर्ग जब भी भारत आती वह उसी गाइड को बुक करती, धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई।

# मेट्रो में क्यूआर कोड आधारित पेपर टिकट की सुविधा शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने क्यूआर के जरिए यात्रा करने की सुविधा यात्रियों के लिए शुरू कर दी है। यह सेवा 8 मई से यात्रियों के लिए उपलब्ध है।

यह सुविधा सभी लाइनों पर उपलब्ध है। इस सुविधा के शुरू होने से यात्री अब टोकन के अलावा क्यूआर कोड आधारित पेपर टिकट का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। यह सुविधा प्रदान करने के लिए, डीएमआरसी ने क्यूआर आधारित पेपर टिकटों का समर्थन करने के लिए अपने एएफसी (ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन) गेट्स और टोकन/कस्टमर केयर काउंटरों को अपग्रेड किया है।

# 'सिख कौम की प्रगति के लिए कलम के साथ जुड़ने की जरूरत'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि वर्तमान समय में सिख समुदाय की प्रगति के लिए कलम के साथ जुड़ने की आवश्यकता है। सिख कौम के महान जनरल बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की तीसरी जन्म शताब्दी को समर्पित सरदार जगदीप सिंह काहलों ने सिख समुदाय के महान सेनापति बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की तीसरी जन्म शताब्दी को समर्पित कुरुक्षेत्र में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा रणजीत सिंह जी और बाबा बंदा सिंह बहादुर जी ने शस्त्रों के साथ सिख राज स्थापित किया था लेकिन वर्तमान समय कलम



उठाने का है। सिख कौम में अभिभावकों को चाहिए कि अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षा प्रदान करें ताकि वह आई.ए.एस, आई.पी.एस व सेना के उच्च पदों पर पहुंचने के काबिल बनें। उच्च पदों पर सिखों की संख्या में विस्तार करना जरूरी है। सिख कौम की सभी संस्थाओं को भी अपने सभी स्त्रोत कौम के उन काबिल बच्चों पर खर्च करने चाहिए ताकि वह विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे अहुदे हासिल कर सकें । सिख कौम की बेहतरी के लिए यह अति आवश्यक है।

सिख इतिहास के बारे में बात करते हुए सरदार जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि दिल्ली के मोरी गेट और तीस हजारी कोर्ट के बारे में सभी जानते हैं, लेकिन सिखों के साथ इसके संबंध के बारे में कोई नहीं जानता था। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के विशेष प्रयासों के चलते लोगों को पता चला है कि मोरी गेट और तीस हजारी कोर्ट का इतिहास बाबा बघेल सिंह, बाबा जस्सा सिंह अहलूवालिया व बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया से जुड़ा हुआ है। जिन्होंने हिंदुस्तान पर कहर ढहाने वाले मुगल शासन को न केवल पराजित किया बल्कि उसी लाल किले पर केसरी निशान फहराया जहां से गुरु तेग बहादुर जी को शहीद करने का आदेश दिया गया था।

# सीबीआई को मिला सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने का समय

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बिहार में** हुए जमीन के बदले नौकरी घोटाला में सीबीआई जांच कर रही हैं। सीबीआई ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती से पूछताछ की है। इसी दौरान दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को सीबीआई को जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर करने के लिए वक्त दिया है।

**अदालत ने पूछे एजेंसी से तीखे सवालः** राउज एवेन्यू की विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने सीबीआई पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पूछा जांच एजेंसी से पूछा कि सप्लीमेंट्री चार्जशीट में वक्त क्यों लग रहा है। अदालत के सवाल पर जवाब देते हुए



अधिवक्ता ने कहा कि कुछ औपचारिकताओं के कारण इसमें देरी हो रही है। अब अदालत में इस मामले की सुनवाई एक जून को होगी।

**एजेंसी ने कोर्ट से मांगा वक्तः** जांच एजेंसी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता मनु मिश्रा ने अदालत से सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल करने के लिए 4 हफ्तों का वक्त मांगा।

इसी अदालत ने 15 मार्च को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उनकी बेटी और राजद सांसद मीसा भारती और अन्य आरोपियों को नौकरी के लिए भूमि कथित घोटाला मामले में नियमित जमानत दी थी। सीबीआई ने कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले के संबंध में पहले दायर की गई अपनी चार्जशीट में कहा था कि भर्ती के लिए भारतीय रेलवे के निर्धारित मानदंडों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन करते हुए मध्य रेलवे में उम्मीदवारों की अनियमित नियुक्तियां की गईं।

**क्या है जमीन के बदले नौकरी घोटालाः** लालू यादव द्वारा किए गए इस घोटाले का पूरा मामला रेलवे भर्ती से संबंधित है। लालू पर वर्ष 2004 से 2009 तक यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहते हुए उनके और परिवार द्वारा जमीन के बदले लोगों को नौकरी देने का आरोप है। सीबीआई द्वारा मामले में लालू के साथ उनके परिवार पर भी केस दर्ज किया गया है और आरोप है कि लालू ने परिजनों के नाम पर नौकरी के बदले जमीनें रिश्वत में ली।

# विवाद के बाद चाकू से किए थे 8 वार, दोनों के बीच देर रात हुआ था विवाद

## नाबालिग की हत्या करने वाला किशोर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की जनता कॉलोनी में एक लड़के पर चाकू से हमला कर दिया,जिसमें लड़का बुरी तरह घायल हो गया और उसकी इलाज के दौरान मौत होगी। इस मामले में पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जनता कॉलोनी से देर रात करीब सवा 2 बजे एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें कॉलर ने बताया कि एक लड़के को व्यक्ति ने चाकू से हमला कर दिया है। इसके बाद पीड़ित को उसके माता-पिता ने जीटीबी अस्पताल ले गए, जहां उसको डॉक्टरों की टीम ने करीब 3 बजकर 19 मिनट पर मृत घोषित कर दिया।

**किशोर ने नाबालिग पर किए 8 वारः** पुलिस ने बताया कि मृतक 16 साल का लड़का जनता मजदूर कॉलोनी का रहने वाला है। उसके माता-पिता मजदूर हैं। लड़के के पेट और पेट से निचले हिस्से पर 7 से 8 घाव हैं और एक गहरा घाव था।

**विवाद के बाद किया मृत पर चाकू से हमलाः** पुलिस ने आगे कहा कि आरोपी जनता मजदूर कॉलोनी का रहने वाला 16 साल का लड़का है,जिसके वेलकम से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी रात करीब 02:00 बजे काम से लौट रहा था, तभी गली में मृतक व उसका दोस्त उससे मिले। इसके बाद उनकी एक छोटे से मुद्दे पर लड़ाई हो गई, बाद आरोपी ने पीड़ित पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपित के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सीरियल किलर रविंद्र ने 14 बच्चों को बनाया था दरिंदगी का शिकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वर्ष 2008** से लेकर 2015 तक करीब 30 बच्चों से दरिंदगी करने वाला सीरियल किलर रविंद्र वर्ष 2014 में पहली बार पुलिस के हत्थे चढ़ा था। जानकारी के मुताबिक 2014 में आरोपित ने बेगमपुर थाना इलाके में बच्चे को अपना शिकार बनाया था।

**कुकर्म के बाद उस्तरे से काटा था बच्चे का गलाः** कुकर्म कर उस्तरे से बच्चे का गला काट दिया गया था। गला काटने के बाद बच्चे को नाले में फेंक दिया था। एक पुलिसकर्मी ने जब उसको देखा तो उसे अस्पताल लेकर गया। इस मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया गया था।

**लालच देकर बच्चों को सुनसान जगह पर ले जाता था रविंद्रः**



बेगमपुर में बच्ची से दुष्कर्म और हत्या का मामला 14 जुलाई 2015 का है। दहिया ने बताया कि रविंद्र ने सुबह साढ़े छह बजे बच्ची को खेतों की ओर शौच के लिए जाते देखा था। उसने बच्ची को दस रुपये दिए व खंडहर इमारत की दूसरी मंजिल पर लेकर गया। वह बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। बच्ची को दस रुपये दिए। बाद में बच्ची की गला घोंटकर हत्या कर दी व उससे दुष्कर्म कर उसका शव पहली मंजिल की शाफ्ट में फेंक दिया। बच्ची के स्वजन ने जब पुलिस को शिकायत की तो दहिया ने उसका शव ढूंढा।

**मानसिक रूप से बीमार है रविंद्रः** अपने गुनाह को कबूल करने वाला रविंद्र इतना हैवान है कि वह बच्चों को मारने के बाद उनके शवों के साथ भी गलत काम करता था। यह बात उसने खुद मीडिया के सामने स्वीकार की थी। दहिया ने बताया कि आरोपित ज्यादातर गरीब परिवारों के बच्चों को अपना शिकार बनाता था। ये बच्चे या तो सड़क किनारे सोते थे।

**अंग्रेजी हारर मूवी देखकर बना हैवानः** रविंद्र 2008 में अंग्रेजी हारर मूवी (डरावनी फिल्म) देखकर हैवान बना। फिल्म देखने के बाद उसने पहली वारदात को अंजाम दिया। यह जानकारी 2015 में बेगमपुर मासूम हत्याकांड के जांच अधिकारी और दिल्ली पुलिस से एसीपी पद से रिटायर हुए जगमिंदर सिंह दहिया ने दी। रोहिणी कोर्ट ने शनिवार को रविंद्र कुमार को दोषी करार दिया है। दहिया ने बताया कि जांच के दौरान पता लगा था कि छठी फेल रविंद्र ने बचपन में एक अंग्रेजी फिल्म देखी थी, जिसमें तीन लोग बच्चों की हत्या कर उनसे कुकर्म या दुष्कर्म करते थे।

यह फिल्म देखने के बाद वह भी नशा कर बच्चों को अपनी हवस का शिकार बनाता गया। तीस में से 14 आपराधिक मामलों को वह दिल्ली के कंझावला, समयपुर बादली, निहाल विहार, मुंडका, नरेला आदि इलाकों में अंजाम दे चुका था। तीस बच्चों के साथ दुष्कर्म और उनकी हत्या में दिल्ली के रोहिणी न्यायालय से दोषी ठहराया गया वहशी रविंद्र कुमार मूलरूप से गंजडुंडवारा के नूरपुर का रहने वाला था, लेकिन अब उसकी गांव में कोई पहचान नहीं बची है।

# मानवता की सेवा में तत्पर रही है रेडक्रॉस सोसाइटी

## कोविड को हराने के लिए रेडक्रॉस ने विश्व भर में किया युद्धस्तर पर काम

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सोमवार को विश्व रेडक्रॉस दिवस सौहार्दपूर्ण भाव से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक पोस्टर बना कर रेडक्रॉस के संदेशों से सभी को अवगत करवाया।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस के संस्थापक और शांति के लिए पहले नोबेल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनैंट को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने निस्वार्थ भाव से मानव सेवा एवं लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समर्पित विश्व रेडक्रॉस संस्था की स्थापना दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी । सुधीर जैन ने कहा कि कोरोना काल में मानवता की




सेवा में रेडक्रॉस संस्था लगातार तत्पर रही ।

सुधीर जैन ने कहा कि कोविड-19 महामारी में रेडक्रॉस आंदोलन की अहमियत और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है । विश्व रेडक्रॉस सोसाइटी का काम हमेशा जारी रहता है। किसी भी बीमारी या युद्ध संकट में इनके वॉलेंटियर्स लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। लेकिन कोरोना महामारी के काल में इनका काम और बढ़ गया । कोविड को हराने के लिए रेडक्रॉस ने युद्धस्तर पर काम किया है । इस संस्था से जुड़े लोग कोरोना से बचाव के लिए दुनियाभर में जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहे हैं। साथ ही लोगों में मास्क, दस्ताने और

**सुधीर जैन ने कहा कि कोविड-19 महामारी में रेडक्रॉस आंदोलन की अहमियत और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है**

सैनिटाइजर वितरित किए हैं । सीईओ संजय जैन ने कहा कि मौजूदा समय में रेडक्रॉस का काम प्राथमिक चिकित्सा, आपातकालीन प्रतिक्रिया, स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल प्रदान करना, आपदाओं, शरणार्थी सेवाओं की तैयारी करना और लापता परिवारों को खोजने में लोगों की मदद करना भी है। जबकि युद्ध के समय रेडक्रॉस सशस्त्र संघर्ष में लोगों की रक्षा करने में मदद करता है।

इस अवसर पर पर विद्यार्थियों ने स्कूल में आयोजित फर्स्ट एड बाक्स बनाओ प्रतियोगिता में भाग लिया। पांचवीं कक्षा के आदित्य, तेजस, हार्दिक, सिद्धि, अंशिका, नैंसी, समीर, जयंत, रचिता, पालकी, निशिता आदि छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर फर्स्ट एड बाक्स बनाई। अध्यापिका ज्योति व मोनिका के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्राथमिक चिकित्सा व फर्स्ट एड बॉक्स के उपयोग के बारे में बताया। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने प्रैक्टिकल तौर पर बताया कि किस प्रकार चोट लगने, घायल होने व गिरने पर हमें प्राथमिक चिकित्सा घर पर ही मुहैया हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि फर्स्ट एड बॉक्स में हर तरह की जरूरत वाली चीजें उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर नौवीं व दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने चार्ट, स्लोगन व पोस्टर के माध्यम से आपदा प्रबंधन के बारे में जानकारी दी।

# निगम की कार्यवाही से घबराए लोगों ने नहीं लगाई रेहड़ी-फड़ी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**


**अंबाला शहर** के बस स्टैंड के नजदीक रेहड़ी फडी लगाने वाले लोगों ने अपना काम काज पूरी तरह से बंद रखा।

इन लोगों का कहना था कि अखबारों के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी कि नगर निगम कर्मचारी अतिक्रमण हटाने के लिए आऐंगे। इसी के चलते वह रेहड़ी फड़ी नहीं लगा रहे। रेहड़ी फड़ी मार्किट एसोसिएशन अंबाला शहर के महा सचिव सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि वह व अन्य रेहड़ी फड़ी वाले पिछल्ले कई वर्षों से बस स्टैंड के आस पास रेहड़ी फड़ी लगाकर अपना व परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। ऐसे में अक्सर निगम कर्मचारी उन्हें यहां से हटाने के लिए पहुंच जाते हैं और उनके सामान को उठाना शुरू कर देते हैं जिससे उनकी दुकानदारी तो खराब होती ही है तो वहीं उनके सामान की काफी हानि भी होती है। बस स्टैंड के पास रेहड़ी फड़ी लगाने वाले एक युवक ने बताया कि वह पिछल्ले कई वर्षों से फड़ी लगा रहा है। आए दिन यहां पर अतिक्रमण हटाने के नाम पर कार्यवाही होती है लेकिन आज तक प्रशासन रहेड़ी फड़ी वालों को स्थाई जगह नहीं दे सका। जबकि कई ऐसे शहर है जहां पर रहेड़ी फड़ी वालों को स्थान निर्धारित किए हुए है जिससे वह अपनी दुकानदारी आसानी से चलाते हैं। बस स्टैंड पर कपड़े का काम करने वाली महिला ने बताया कि वह अंबाला के निकटवर्ती गांव से आती हैं और यहां पर फड़ी लगा कर अपना व अपने परिवार का खर्चा चलाती है। आज यहां पर वह अपनी दुकान नहीं लगाई। महा सचिव ने बताया कि जबकि गरीब आदमी सड़क किनारे भी रेहड़ियां लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण नहीं कर पा रहा। उन्होंने कहा कि रेहड़ी फड़िए सड़कों पर नहीं लगाई जाती। इस बात का ध्यान रखा जाता है कि यातायात बाधित न हो। इसीलिए नाले के उपर ही अस्थाई तौर पर फड़िया लगाई जा रही हैं। ऐसे में अब नगर निगम कर्मचारी उनके खिलाफ फिर से कार्यवाही का मन बना रहे हैं। रेहड़ी फड़ी वालों का कहना था कि आज उन्होंने यहां रेहड़ी फड़ी नहीं लगाई। जबकि यह लोग सुबह से ही बस स्टैंड के साथ लगती दिवार के पास ही बैठे हुए नजर आते हैं। उनका यह भी कहना है कि रेहड़ी फड़ी का बाजार यहां पर मंगलवार व वीरवार को ही लगता है। ऐसे में उनके काम पर प्रभाव पड़ रहा है। प्रशासन को चाहिए उन्हें उचित स्थान दिया जाए जिससे वह परिवार का पालन पोषण कर सकें। वहीं इस मामले में अधिकारियों का कहना था कि अक्सर शिकायतें मिलती है कि रेहड़ी फड़ी वाले सड़कों पर अपना समान लगा देते हैं जिसके चलते यातायात बाधित रहता है। जबकि अंबाला शहर का यह मार्ग कपड़ा मार्किट, रेलवे स्टेशन, शुकलकुड़ रोड़ की ओर जाता है। ऐसे में यहां पर व्यवस्था बनाना बेहद जरूरी है।

रेहड़ी फड़ी वाले सड़क किनारे खड़े होते है लेकिन उनसे खरीददारी करने वाले ग्राहक तो सड़कों पर ही अपने वहानों को खड़ा कर देते हैं। जिससे अक्सर सड़क पर जाम लग जाता है और कई बार तो वहानों की लंबी कतारे भी लग जाती है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रदेश सरकार द्वारा तंबाकू उत्पादों में सीजीसीआर टैक्स दरों में बढ़ोतरी का किया स्वागत



शिमलाः गत 3 मई हिमाचल प्रदेश की कैबिनेट द्वारा पारित फैसले में पान मसाला, पान चटनी तथा तंबाकू या तंबाकू उत्पादों पर सर्टन कैरेड वाया रोड्ज (सीजीसीआर) टैक्स को तीन रुपये से बढ़ाकर साढ़े चार रुपये प्रति क्विंटल करने का निर्णय किया जिसका प्रदेश में तंबाकू नियंत्रण में कई वर्षो से प्रयासरत नाडा इंडिया ने स्वागत किया है। नाडा इंडिया अपने कई गतिविधियों के माध्यम से प्रदेश सरकार, स्वयं सेवी संगठनों तथा विशेषकर स्कूलों व कॉलेजों के युवाओं के माध्यम से तंबाकू उत्पादों पर टैक्स बढ़ाने के लिये केन्द्रीय वित्त मंत्रालय सहित हिमाचल प्रदेश व अन्य राज्यों में निरंतर आग्रह करती रही है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि भारत को अपनी अर्थव्यवस्था मजबूत बनानी है तो तंबाकू में टैक्स बढ़ाकर एक महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। कर्मवीर चक्र विजेता और नाडा इंडिया फाउंडेशन के चेयरपर्सन सुनील वात्स्यायन ने इस फैसले पर हर्ष जताते हुये कहा कि कोविड महामारी के आर्थिक संकट से उबर रहा हिमाचल प्रदेश के लिये कदम सार्थक साबित होगा। इस फैसले से न केवल राजस्व में इजाफा होने की उम्मीद जताई जा सकती है बल्कि तंबाकू सेवन करने वाले विशेषकर युवा वर्ग में इन उत्पादों को महंगा कर इसके सेवन पर अंकुश लगाया जा सकता है। गत वर्ष सितंबर में नाडा इंडिया ने हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी में स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय, एचपीयू के अर्थशास्त्र विभाग तथा प्रदेश के राजस्व विभाग सहित इस दिशा में प्रयासरत एनजीओ और बुद्धिजीवियों के सहयोग से संबंधित विषय पर मंथन पर हिमाचल प्रदेश टोबेको टेक्स कंसल्टेशन रिपोर्ट जारी कर सरकार को प्रस्ताव दिया था कि तंबाकू उत्पादों में तत्काल से कर बढ़ाये जायें। उन्होंनें बताया कि देश में लगभग 13 मिलियन से भी ज्यादा लोग सालाना तंबाकू से उत्पन्न बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं जबकि तंबाकू व नशाखोरी से ही दस मिलियन लोग इसकी लत में आकर गरीबी की और धकेले जाते हैं। । राज्य की दृष्टि से भी आंकड़े चौंकाने वाले है / उनके अनुसार गत दस वर्षो में बीड़ी और सिगरेट बहुत ही किफायती उत्पाद बन गये हैं। जुलाई 2017 में जीएसटी के लागू होने से तंबाकू उत्पादों में खासा उछाल देखने को नहीं मिला जिसके चलते सभी वर्ग विशेषकर बच्चों तक की पहुंच में आ गये जो कि गहन चिंतन का विषय है। भारत में दुनिया में तंबाकू खपतकारों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या 268 मिलियन है। भारत में लगभग 27 फीसदी कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू है। 2017-18 में तंबाकू के उपयोग से होने वाली सभी बीमारियों और मौतों की वार्षिक आर्थिक लागत 177,341 करोड़ रुपये रहा जो कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी का एक फीसदी है। सुनील वात्सायन ने सुझाया कि हिमाचल प्रदेश ने इस फैसले से उदाहरण पेश करते हुये इस दिशा में प्रयासरत संगठनों का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने उम्मीद जताई की अन्य राज्य भी ऐसा ही उदाहरण पेश कर उन्नति की राह पर अग्रसर होने के साथ स्वास्थ्य प्रदेश की नींव रखेंगें।

### निसान मोटर इंडिया ने अपने नेटवर्क में विस्तार किया विस्तार

**करनाल।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने देश के उत्तर एवं दक्षिणी राज्यों में दो नए शोरूमों और सर्विस वर्कशॉप्स को शामिल करने की घोषणा की है। करनाल (हरियाणा) तथा खम्मम (तेलंगाना) में खोले नए टचप्वाइंट्स ग्राहकों को शानदार सेल्स एवं सर्विस अनुभव दिलाने की निसान की प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं। इन नए शोरूमों और सर्विस वर्कशॉप्स के साथ ही निसान मोटर इंडिया के नेटवर्क में अब देशभर में 267 टचप्वाइंट्स हो गए हैं, जिनमें 14 हरियाणा और 9 तेलंगाना में हैं। निसान अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए फिजिटल वितरण मॉडल पर काम करती है और उन्हें सभी तरह की जरूरतों के लिए निर्बाध, वन-स्टॉप सॉल्यूशन प्रदान करती है। इसके तहत, ग्राहकों को एक एकीकृत ऑफलाइन-ऑनलाइन पेमन्ट विकल्प मिलता है जिसे ग्राहक अपने मनपसंद शोरूम से एक्सेस कर सकते हैं। इन नए टचप्वाइंट्स के बारे में, डॉ राकेश श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, निसान मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, "कस्टमर सर्विस निसान के बुनियादी मूल्यों का अभिन्न अंग है।

# अवैध कॉलोनियों में निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें अधिकारी : डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**

**डीसी वीरेन्द्र** कुमार दहिया व एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सोमवार को जिला सचिवालय में अवैध कॉलोनियों में निमार्णों को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अवैध कॉलोनियों में निमार्णाधीन भवनों, फैक्ट्रियों आदि को तुरन्त प्रभाव से तोड़ते हुए सख्त से सख्त कार्रवाई करें। बैठक के दौरान उपायुक्त ने एसडीएम पानीपत



व एसडीएम समालखा सहित सभी तहसीलदारों को भी आदेश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों को लेकर कड़ी नजर रखें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे तुरन्त संबंधित विभाग, डीटीपी कार्यालय या निगम क्षेत्र में नगर निगम कार्यालय को सूचना प्रेषित करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अवैध कॉलोनियों में निर्माण करने वाले या नई कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजरों पर भी तुरन्त प्रभाव से सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई में कतई ढिलाई न बरते। उन्होंने डीटीपी को भी निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को जागरूक करने के लिए वे अवैध कॉलोनियों में बोर्ड लगाएं कि यहां पर कोई भी प्लॉट न खरीदे।

इस दौरान एसपी अजीत सिंह शेखावत ने कहा कि वे अवैध कॉलोनियों में निर्माण को रोकने हेतु या नई कॉलोनियां काटने से रोकने के लिए किसी भी समय पुलिस बल ले सकते हैं।

# गंदा पानी पीने को मजबूर है न्यू विवेक विहार निवासी

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला शहर** के न्यू विवेक विहार घनौर रोड़ पर इन दिनों गंदे पानी की समस्या को लेकर परेशान है जिसके चलते वह संबंधित विभाग से शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। स्थानीय निवासी मदनपाल, शमशेर राणा, कुलदीप, सुरेन्द्र, सुदेश, सतपाल, सुनील बत्ता व अन्य ने बताया कि पिछल्ले कई दिनों से उनके क्षेत्र में गंदे पानी की स्पालाई हो रही है। हालात ये है कि पीने के लिए लोगों को पानी अन्य क्षेत्रों

**प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि संबंधित विभाग क्षेत्र में अपनी टीमें भेजे और समस्या का समाधान करें**

से लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मानों पानी के पाईप के साथ सिवरेज का पानी मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि ऐसे में इस क्षेत्र में बीमारी फैलने का भी भय है। प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि संबंधित विभाग क्षेत्र में अपनी टीमें भेजे और समस्या का समाधान करें।

# हकेवि में अंतर्राष्ट्रीय पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ आज

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश यादव**

**महेन्द्रगढ़ । हरियाणा** केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में मल्टीस्केल मॉडलिंग ऑफ मेटिरियल इन कार्बन रिलेटिड नैनो स्ट्रक्चर्स विषय पर केंद्रित पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरूआत मंगलवार को होने जा रही है। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर), इंडिया द्वारा वित्तपोषित यह कार्यशाला युवा अनुसंधानकताओं को केंद्र में रखते हुए आयोजित की जा रही है।

विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्वान सम्मिलित होंगे, जिसमें मिशिगन



टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी, यूएसए के प्रो. रविंद्र पांडे का नाम प्रमुख है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने इस कार्यशाला को मल्टीस्केलिंग, मॉडलिंग, नेनोमेटिरियल गुणों को समझने और उन्हें नियंत्रित करने की दिशा में आवश्यक ज्ञान के लिहाज से उपयोगी बताया। कार्यशाला की संयोजक व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने बताया कि पांच दिवसीय इस आयोजन में देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्वान जो कि इस क्षेत्र में शोध कार्य में जुटे हैं।

# चोरी करने आया युवक सीसीटीवी में कैद

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)अंबाला में** चोरी की वारदातें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। पुलिस भी इन वारदातों पर अंकुश नहीं लगा पा रही। आए दिन चोर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं । ऐसी ही चोरी की कोशिश की वारदात अंबाला शहर के महावीर नगर से भी सामने आई है। जिसके बाद स्थानीय लोग दहशत में हैं और पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि चोरों को शीघ्र ही गिरफतार किया जाए।

शहर के महावीर नगर में एक चोर सीसी फुटे में आता हुआ दिखाई दे रहा है । इसके बाद दिवार टाप कर वह घर में जा रहा है।

# डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने मिर्जापुर बाछौद हवाई पट्टी पर ली अधिकारियों की बैठक

**नारनौल/संतोष यादव**

**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हवाई नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय भारत सरकार ने हिसार को आरसीएस स्कीम यानी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत सूची में डाल दिया है। इसके साथ ही नए प्रपोजल में नारनौल, पिंजौर, अंबाला, सिरसा, करनाल और भिवानी सहित 6 हवाई पट्टियों को उसमें शामिल करने के लिए कहा गया है। उप मुख्यमंत्री रविवार को इस नए प्रपोजल के



संबंध में मिजार्पुर बाछौद हवाई पट्टी के कार्यालय में एवियशन सेक्टर से संबंधित अधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे।

उपमुख्यमंत्री ने मिजार्पुर बाछौद हवाई पट्टी पर बिजली पानी से संबंधित तमाम सुविधाओं को बढ़ाने के लिए अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नाइट फ्लाइट के लिए जल्द से जल्द लाइटों की व्यवस्था की जाए। इस मौके पर उन्होंने रनवे विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन के संबंध में भी अधिकारियों से बातचीत की।

उन्होंने कहा कि 3 साल पहले जो सपना हरियाणा में हवाई सेवाओं को बढ़ाने का देखा था वह सपना साकार होता दिख रहा है। प्रदेश में अब रोड नेटवर्क बहुत अच्छा हो चुका है। एक सिरे से दूसरे सिरे तक थोड़ी ही देर में पहुंच सकते हैं। अब एयर नेटवर्क को भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की योजना है कि रीजनल एयर कनेक्टिविटी के लिए राज्य में 9 नए हेलीपोर्ट बनाए जाएं।

# सिहमा में अंत्योदय मेला संपन्न, आज सतनाली में लगेगा एक दिवसीय मेला



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल**

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिहमा में लगाया गया एक दिवसीय अंत्योदय मेला सोमवार को संपन्न हुआ। मेले में 182 लाभार्थियों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़ने के लिए अपना पंजीकरण करवाया। अब 9 मई को कम्युनिटी सेंटर सतनाली में अंत्योदय मेला लगेगा। सतनाली में 254 लाभार्थियों को बुलाया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत परिवार पहचान पत्र के माध्यम से जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपए से नीचे है उन परिवारों को इन मेलों में बुलाया जाता है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यालय स्तर पर समय-समय पर इस योजना की समीक्षा होती रहती है। गरीब लोगों का आर्थिक उत्थान करने के लिए यह योजना बहुत ही बेहतरीन योजना है। इन मेलों के माध्यम से गरीबों का आर्थिक उत्थान होगा।

उन्होंने बताया कि सिहमा में एक दिवसीय अंतोदय मेले में कुल 182 लाभार्थियों ने मेले में आकर अपना पंजीकरण करवाया। मेला स्थल पर मुख्य द्वार पर ही स्थापित हेल्प डेस्क के माध्यम से लाभार्थियों को योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाती है।

काउंसलिंग करने के बाद लाभार्थी की इच्छा के अनुसार उसे संबंधित विभाग के डेस्क के पास भेजा जाता है। यहां अधिकारी खुद कागजात संबंधित सारी कार्रवाई पूरी करवाते हैं।

उन्होंने बताया कि यह योजना गरीब परिवारों के उत्थान पर केंद्रित है। इस योजना के सचिव एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि अब 9 मई को कम्युनिटी सेंटर सतनाली में मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन सभी लाभार्थियों की प्री मेला काउंसलिंग भी की गई है ताकि इन्हें योजनाओं के बारे में अच्छी तरह से जानकारी रहे। दिवाकर एलडीएम विजय सिंह और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# कनीना रूट की सहकारी बसों का चक्का जाम

## छात्रों ने कंडक्टर को पीटा, विरोध में चक्का जाम करते की हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल। कनीना नारनौल** रूट पर चलने वाली सहकारी बसों के ड्राइवर कंडक्टर सोमवार को हड़ताल पर रहे। उन्होंने महावीर चौक पुलिस चौकी के सामने अपनी बसें खड़ी कर नाराजगी जताई और प्रदर्शन किया। ड्राइवरों ने कहा कि हर रोज ऐसी घटनाएं हो रही है और वह असुरक्षित है। ड्राइवरों कंडक्टरों का कहना है कि आईटीआई के विद्यार्थियों व अन्य युवाओं द्वारा अक्सर मारपीट की जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह नसीबपुर से आगे गांव लहरोदा के पास कनीना



से नारनौल आ रही एक सहकारी सोसायटी की बस के ड्राइवर व कंडक्टर के साथ गांव मित्रपुरा और खासपुर के युवाओं ने लड़ाई झगड़ा किया। मारपीट में बस कंडक्टर बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना से नाराज नारनौल से कनीना और कोसली रोड पर चलने वाले बस ड्राइवरों ने अपनी बसों को महावीर चौक पुलिस चौकी के सामने खड़ा कर दिया और हड़ताल पर चले गए। इसके चलते कनीना रूट की ओर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस रूट पर सोमवार को सोसाइटी की कोई बसे नहीं चली। कनीना की ओर जाने वाली सोसाइटी की बसों के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि कनीना रोड पर विभिन्न गांव से आने वाले युवाओं द्वारा रोजाना बस ड्राइवर और कंडक्टर के साथ लड़ाई झगड़ा किया जाता है। इसके कारण बसों को काफी नुकसान होता है। सोमवार को भी उनके साथ आईटीआई में पढ़ने वाले युवाओं ने लड़ाई झगड़ा किया। जिसके बाद परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको इलाज के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# गोदरेज एग्रोवेट ने टिकाऊ तरीके से कपास उत्पादन के लिए प्रमुख ब्रांड पाइना लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) के फसल संरक्षण व्यवसाय ने आज टिकाऊ कपास उत्पादन के लिए प्रमुख ब्रांड, पाइना लॉन्च किया। विभिन्न बाजारों में चुनिंदा कपास जड़ी - बूटियों की अवधारणा स्थापित करने में अग्रणी, जीएवीएल अपने तीन कपास खरपतवार प्रबंधन उत्पादों हिटवीड, हिटवीड मैक्स और मैक्सकोट को पाइना ब्रांड के तहत बिक्री करेगा।

प्रारंभिक अवस्थाओं में कपास की फसलें धीरे-धीरे बढ़ती हैं। इसके अतिरिक्त, फसलों के बीच व्यापक अंतर के कारण, खरपतवार कपास की उपज को 45 -50% तक प्रभावित करते हैं। पाइना ब्रांडों द्वारा बीज बुवाई से लेकर फूल फूलने और फसल तक के चरणों के लिए व्यापक रूप से खरपतवार प्रबंधन विकल्पों के साथ, किसान अब लंबी अवधि तक खरपतवार मुक्त फसल प्राप्त कर सकते हैं। जीएवीएल ने यह भी घोषणा की कि वह बेयर क्रॉपसाइंस, रैलिस इंडिया, धनुका एग्रीटेक, पीआई इंडस्ट्रीज और इंडोफिल इंडस्ट्रीज आदि जैसे सह-विपणनकताओं को पाइना ब्रांड का लोगो देगाजो भरोसे और गुणवत्ता के प्रतीक पाइना ब्रांड्स के जरिए किसानों को लगातार टिकाऊ तरीके से कपास उगाने में मदद कर रहे हैं।

# भाजपा के दांव से जेडीएस फंसी

## करो या मरो के हालात; जेडीएस के किंगमेकर बनने के सपने को लग सकता है झटका





**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**बात** 1997 की है, जब लोकसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था। तब उन्होंने कहा था, मैं फीनिक्स (6वीं सदी के अरब के रेगिस्तान का पक्षी जिसने खुद को जला दिया था और बाद में फिर जिंदा हो गया) की तरह राख से उठूंगा। राष्ट्रीय राजनीति के लिए उनका यह कहना सच नहीं हुआ। हालांकि, देवेगौड़ा यह तय करने में सफल रहे कि उनकी बनाई गई क्षेत्रीय पार्टी जेडीएस 2004 से कर्नाटक की राजनीति में अहम भूमिका निभाए। आज पार्टी ऐसे मुहाने पर है, जहां उसके लिए करो या मरो की स्थिति है। उसके सामने अपने ही गढ़ में कई सीटों पर हार का साया मंडरा रहा है। जेडीएस के लिए 20 सीटें जीतना भी बड़ी चुनौती है। 3 पर तो गौड़ा परिवार के सदस्य लड़ रहे हैं। इनमें कुमारस्वामी, उनके बड़े भाई रवन्ना और बेटे निखिल को सीट बचाए रखने में तगड़ी चुनौती मिल रही है। अगर तीनों विधायक नहीं बने, तो जेडीएस का वजूद खत्म होने की आशंका बढ़ जाएगी। क्योंकि पार्टी के जो लोग जीतेंगे, उनके जेडीएस छोड़कर कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने की आशंका रहेगी।

**अपने दम पर कभी सत्ता में नहीं आई जेडीएस:** जेडीएस कभी अपने दम पर सत्ता में नहीं आई। देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी दो बार सीएम बने, पर उनका कार्यकाल छोटा रहा। 5 विधानसभा चुनावों से सरकार का गठन हर बार जेडीएस के प्रदर्शन पर निर्भर रहा। ओल्ड मैसुरु क्षेत्र में जब भी जेडीएस का प्रदर्शन खराब रहा, कांग्रेस सत्ता में आई। वहीं, उसका प्रदर्शन बेहतर रहने पर भाजपा ने सरकार बनाई। इस बार चुनाव करीब आए, तो जेडीएस मजबूत दिख रही थी। सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ माहौल था। जेडीएस के लिए स्थितियां तब पलटने लगीं, जब भाजपा ने अचानक आत्मविश्वास के साथ चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। भाजपा अपने विधायकों और नेताओं को दूसरे दलों में जाने से रोकने में सफल हो गई। खासकर तटीय और मुंबई-कर्नाटक क्षेत्र में, जहां इसका कैडर आधार मजबूत है। जेडीएस ने 1 नवंबर 2022 को पंच रत्न यात्रा शुरू की थी। पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी जैसे कुछ नेताओं ने कांग्रेस से हाथ मिलाकर भाजपा के खिलाफ बगावत कर दी, लेकिन बाकी नेता पार्टी में ही थमे रहे। जेडीएस ने जब पंच रत्न यात्रा शुरू की थी, तो उसका लक्ष्य 125 सीटों पर ध्यान केंद्रित करना था। इसमें ओल्ड-मैसरू क्षेत्र, मध्य कर्नाटक के कुछ जिले और हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र की कुछ सीटें भी शामिल हैं। जब कांग्रेस के नेताओं ने अपने मतभेद सुलझाना शुरू किया, तो मध्य-कर्नाटक और हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्रों में जेडीएस के लिए स्थिति कठिन होने लगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर का किया उद्घाटन

### शुरू हुई बुकिंग

आम लोग एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर में मंगलवार से प्रवेश कर सकेंगे। टूरिज्म संबंधी मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग शुरू हो गई



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ के सेक्टर-18 में तैयार इंडियन एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर का उद्घाटन कर दिया है। उन्होंने इस सेंटर को आम लोगों को समर्पित किया है। पंजाब गवर्नर एवं यूटी के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने रक्षामंत्री का वेलकम किया है। एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर के उद्घाटन के मौके पर कई सैन्य व पुलिस अधिकारी भी मौके मौजूद रहे। इसके बाद रक्षामंत्री ने पंजाब गवर्नर व अन्यों के साथ पूरे सेंटर का दौरा किया। फिर रक्षामंत्री और गवर्नर बीएल पुरोहित का काफिला एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर से निकल गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के शहर में आने पर एयरपोर्ट लाइट पॉइंट से लेकर सेक्टर-17/18 लाइट पॉइंट तक चप्पे-चप्पे पर ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस समेत अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे।

**चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों से मीटिंग:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरफोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की शॉप भी विजिट की। इसके बाद एयरफोर्स के अधिकारियों द्वारा हेरिटेज सेंटर सेक्रेटरी कल्चर, चंडीगढ़ को सुपुर्द किया गया। रक्षामंत्री अब चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों से मीटिंग करेंगे।

**मोबाइल ऐप से करें बुकिंग:** आम लोग एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर में मंगलवार से प्रवेश कर सकेंगे। हालांकि यहां आने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की टूरिज्म संबंधी मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग आज (सोमवार) से ही शुरू हो चुकी है। एक दिन में 75 लोग कर सकेंगे सिमुलेटर पर फाइटर उड़ाने का अनुभव, फीस 295 रुपए। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आ सकेंगे।

# 'तेजस्वी के खिलाफ मानहानि: शिकायतकर्ता सुबूत पेश करें'



### दावा

कोर्ट ने 202 का समन जारी किया है। इसके तहत अब शिकायतकर्ता को सुबूतों के साथ कोर्ट में पेश होना होगा

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**मानहानि** मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने 202 का समन जारी किया है। इसके तहत अब शिकायतकर्ता को सुबूतों के साथ कोर्ट में पेश होना होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 20 मई को होगी। बता दें, मानहानि की यह याचिका गुजरातियों को ठग कहने के मामले में अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता ने दर्ज कराई है।


**पिछली सुनवाई में तेजस्वी के वकील ने मांगी थी मोहलत:** इस मामले में पहली सुनवाई पिछले हफ्ते 1 मई को हुई थी। कोर्ट ने करीब 5 मिनट तक दोनों पक्षों के बयानों को सुना। इसी बीच डिप्टी सीएम के वकील ने कोर्ट से मोहलत मांगी। इस पर कोर्ट ने 8 मई को अगली तारीख दी थी। वहीं, फरियादी हरेश मेहता के वकील प्रफुल्ल आर पटेल ने सुनवाई के दौरान न्यायालय में सर्वोच्च कोर्ट के फैसला का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे में अभियुक्त कितना भी बड़ा क्यों न हो उसे गंभीरता से लेकर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए

**मेहुल चौकसी की बात रखते हुए दिया था बयान:** तेजस्वी यादव ने पिछले महीने नीरव मोदी को लेकर आई एक खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए गुजरातियों पर ही विवादित टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कहा था- 'आज देश के हालात में सिर्फ गुजराती ठग हो सकते हैं। उनके ठग को माफ भी कर दिया जाएगा। एलआईएसी, बैंक का पैसा दे दो फिर वह भाग जाएगा तो कौन जिम्मेदार होगा। दोस्त, यार जो भ्रष्टाचार कर रहे हैं, लेकिन इनका तोता पिंजरे से नहीं निकलता है। उनके इसी बयान के बाद कारोबारी हरेश मेहता ने बीते 21 मार्च को तेजस्वी यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा-499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत मामला दर्ज करवाया था।

# अक्ल दाढ़ उम्र का पुख्ता सबूत नहीं: हाईकोर्ट

## इसके ना होने से लड़की नाबालिग साबित नहीं होती, रेप के आरोपी को बरी किया

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेंस के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को पिछले हफ्ते बरी कर दिया। मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई ने कहा कि सिर्फ अकल दाढ़ का न होना रेप पीड़ित की उम्र साबित करने के लिए पुख्ता सबूत नहीं है। कोर्ट महरबान हसन बाबू खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बाबू खाने ने रेप और पोस्को एक्ट के केस में दोषी पाए जाने को लेकर हाईकोर्ट में अपील की थी।



महरबान हसन पर शादी का झांसा देकर विक्टिम से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया गया था। लड़की के वकीलों के मुताबिक, विक्टिम 19 दिसंबर 2000 को पैदा हुई थी। उसने 25 मार्च 2016 को आरोपी को बताया था कि वह प्रेग्नेंट है। महरबान हसन ने कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में अपने घर से रायगढ़ लौट आएगा और उससे शादी करेगा। लेकिन उसने शादी नहीं की और उसे इगनोर करने लगा। परेशान होकर विक्टिम ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### बरी किया....

महरबान हसन पर शादी का झांसा देकर विक्टिम से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया गया था

**2019 में डेंटिस्ट की गवाही के बाद आरोपी को सुनाई गई थी सजा:** इस मामले में पीड़ित की उम्र का आकलन करने के लिए डेंटिस्ट की मदद ली गई थी। डेंटिस्ट ने क्लिनिकली और रेडियोग्राफिक दोनों तरह से जांच की। अपनी रिपोर्ट में डेंटिस्ट ने कहा था कि उन्हें पीड़ित की अकल दाढ़ यानी तीसरी दाढ़ नहीं मिली थी। इस आधार पर उन्होंने पीड़िता की उम्र लगभग 15 से 17 साल बताई थी।

# यौन प्रताड़ना: श्रीनिवास ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूथ कांग्रेस के** राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने असम में यौन प्रताड़ना के एक मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। श्रीनिवास की ओर से वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 15 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। गुवाहटी हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने 4 मई को श्रीनिवास के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग खारिज कर दी थी। इस मामले में श्रीनिवास की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है। हाई कोर्ट ने कहा था कि इस तथ्य के कोई सबूत नहीं हैं कि एफआईआर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। हाई कोर्ट ने कहा था कि जांच अहम मोड़ पर है, ऐसे में अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती है।

### राहत के लिए...

हाई कोर्ट ने कहा था कि इस तथ्य के कोई सबूत नहीं हैं कि एफआईआर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है

# 'थैलेसीमिया की मरीजों की जान बचाने के लिए रक्तदान करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने विश्व थैलेसीमिया दिवस पर सोमवार लोगों से थैलेसीमिया मरीजों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने ट्वीट में कहा है कि यह जानलेवा रक्त विकार बीमारी है। इसलिए सभी को जागरुकता बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग रक्तदान कर इस बीमारी से लड़ रहे लोगों की रक्षा करने का भी संकल्प लें। उल्लेखनीय है कि थैलेसीमिया रक्त विकास संबंधी अनुवांशिक बीमारी है। यह माता- पिता से पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है। मरीज को जीवित रहने के लिए हर दो से तीन सप्ताह बाद खून की आवश्यकता होती है। साल 1994 में पहली बार विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाने पर विचार किया गया था।

### रक्तदान

यह जानलेवा रक्त विकार बीमारी है। इसलिए सभी को जागरुकता बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लेना चाहिए

# यूक्रेन ने रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमला थमने या कमजोर पड़ने का नाम नहीं ले रहा है। रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किये, जिस पर यूक्रेन ने जोरदार पलटवार करते हुए रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए। रूस ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला किया था। चौदह महीने से अधिक समय से यूक्रेन इस रूसी हमले का डटकर मुकाबला कर रहा है। बीती रात रूस ने यूक्रेनी शहरों खार्किव, खेरसॉन, मायकोलाइव और ओडेसा में ताबड़तोड़ हमले किए। यूक्रेनी

# गुजरात: बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या...

**टीम एक्शन इंडिया/वापी**
**गुजरात में वापी जिले का राता तालुका में** सोमवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। भाजपा उपाध्यक्ष शैलेश पटेल पत्नी के साथ शिव मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान एक बाइक पर आए अज्ञात तीन युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। शैलेष को तीन गोलियां लगीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में हत्या की वजह पुरानी रंजिश सामने आई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**पत्नी के साथ हर सोमवार आते थे मंदिर:** शैलेश पटेल हर सोमवार को पत्नी के साथ शिव मंदिर जाते थे। सुबह भी करीब 7.15 बजे मंदिर पहुंचे थे। दर्शन के बाद शैलेष कार की ड्राइविंग सीट पर बैठकर पत्नी के आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक उनकी कार से पास आकर रुकी और बाइक पर बैठे एक शख्स ने कार की खिड़की से उन पर फायरिंग कर दी। चार राउंड फायरिंग में शैलेष को तीन गोलियां लगीं। फायरिंग के बाद आरोपी फरार हो गए।

**पत्नी मंदिर से बाहर आई तो कार के गेट पर देखा खून:** वारदात के करीब 5 मिनट बाद पत्नी मंदिर से बाहर आई तो उन्होंने कार के गेट से खून टपकता देखा। शैलेष की खून से लथपथ लाश देखकर वे चीख उठीं और वहीं बेहोश हो गईं। उनकी आवाज सुनकर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु और स्थानीय लोग पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं।

### जांच जारी

पटेल पत्नी के साथ शिव मंदिर पहुंचे थे। एक बाइक पर आए अज्ञात तीन युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी

**राह होगी आसान** 5 हजार करोड़ रुपए होगी लागत; बालटाल से अमरनाथ पहुंचने में लगेंगे सिर्फ 40 मिनट

# जम्मू-कश्मीर में 18 नए रोपवे बनेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** आने वाले पर्यटकों की राह और आसान होने वाली है। सरकार ने यहां लगभग पांच हजार करोड़ रुपए की लागत से 18 नए रोप-वे के लिए स्थान चिह्नित किए हैं। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमटेड के साथ सरकार ने एमओयू भी साइन किया है। सबसे अहम बालटाल से अमरनाथ गुफा के लिए प्रस्तावित 9 किमी का रोप-वे होगा। इससे 14 किमी के मार्ग की पैदल दूरी 10 घंटे से घटकर 40 मिनट रह जाएगी। तीन रोप-वे पर काम अगले साल पूरा होने की



संभावना है। इनमें वैष्णो देवी फेज-2 (2.4 किमी), शिवखोरी श्राइन (2.1 किमी) और श्रीनगर में शंकराचार्य पहाड़ी (1 किमी) रोप-वे शामिल है।

**वैष्णो देवी के लिए ताराकोट से संझी छत रोपवे पर खर्च होंगे 250 करोड़:** वैष्णो देवी के लिए फेज-2 में बहुप्रतीक्षित ताराकोट मार्ग से संझी छत के लिए रोप-वे की लागत करीब 250 करोड़ रुपए होगी। इसका टेंडर फाइनल स्टेज में है।

संभावना है कि यहां काम जल्द शुरू होगा। रोपवे शुरू होने पर श्रद्धालु मंदिर परिसर तक मात्र 6 मिनट में पहुंच जाएंगे। अभी पैदल ताराकोर्ट से संझी पहुंचने में 6 घंटे लगते हैं।

### एमओयू साईन किया

संभावना है कि यहां काम जल्द शुरू होगा। रोपवे शुरू होने पर श्रद्धालु मंदिर परिसर तक मात्र 6 मिनट में पहुंच जाएंगे

